
RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831







हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

वर्ष : 13 | अंक : 167 | 29 मई, 2019 | मूल्य : 20/-



"समाज गौरव
राजनीति के जादूगर,
गाँधीवादी जननायक
## श्री अशोक गहलोत
के जन्मदिवस पर
हार्दिक बधाई एवं दीर्घायु जीवन
की मंगलकामनाएं।"

## लोकसभा चुनाव 2019 में समाज के विजयी सांसद



डॉ. संघमित्रा मौर्या
भाजपा (बंदायु)



नायब सिंह सैनी
भाजपा (कुरुक्षेत्र)



संतोष कुशवाहा
जनतादल (पुर्णिया)



रविन्द्र कुशवाहा
भाजपा (सलेमपुर)



डॉ अमोल कोल्हे
एनसीपी (शिरुर)



जननायक को जन्म दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देने उमड़ा जन सैलाब



माल्यार्पण एवं शॉल द्वारा जननायक का सम्मान



माल्यार्पण एवं शॉल द्वारा जननायक का सम्मान






जननायक के जन्म दिवस के उपलक्ष में जोधपुर शहर विधायक मनीषा पंवार के अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित कायक्रम







सेवा संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व महापौर ओम कुमारी गहलोत, जोधपुर शहर विधायक मनीषा पंवार, कुंती देवड़ा एवं युवा नेत्री अनुजा बिश्नोई

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

**Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19**

# माली सैनी सन्देश

• वर्ष :13 • अंक 167 • 29 मई, 2019 • • मूल्य : 20/- प्रति •

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**
(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन, नगर निगम, जोधपुर)

**सह संरक्षक:**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**
(जिला - उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**
(मो. 94146 02415)

**:: संरक्षक मण्डल ::**



**श्रीमान लक्ष्मण सिंह सांखला**
(समाजसेवी/भामाशाह)




**श्रीमान मोहनसिंह सोलंकी**
(उद्योगपति/समाजसेवी)



**श्रीमान नरपतसिंह सांखला**
(बिल्डर्स/समाजसेवी)



**श्रीमान प्रदीप कच्छवाहा**
(उद्योगपति)



**श्रीमान नेमीचंद गहलोत**
(उद्योगपति/भामाशाह)




**श्रीमान भगवानसिंह गहलोत**
(उद्योगपति/भामाशाह)



**श्रीमान युधिष्ठर सिंह परिहार**
(व्यवसायी/समाजसेवी)



**श्रीमान (डॉ.) सुरेन्द्र देवड़ा**
(हृदय रोग विशेषज्ञ, एम्स)



**श्रीमान सुरेश सैनी**
(समाजसेवी)

## सुविचार

समाज के लिए अपनी विवेक बुद्धि से जितना समझ में आए, करते चले जाना चाहिए दूसरे कर रहे हैं या नहीं इसका इंतजार नहीं करना चाहिए।

अगर कर रहे होंगे तो उनका प्रयास आपके काम से और मजबूत हो जाएगा। नहीं कर रहें होंगे तो आप उनके लिए प्रेरणा बन सकते हैं।

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है।
सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

# सम्पादक की कलम से ...



**विद्या परम आभूषण है** इसे धारण करना महती आवश्यकता है परंतु कभी मार्गदर्शन, प्रेरणा, वातावरण व शैक्षिक सुविधाओं के अभाव में समाज के युवक-युवतियों को चाहते हुए भी ''उच्च शिक्षा'' प्राप्त करने में अपेक्षाकृत स्तर अन्नयन के लाभ से वंचित रहना पड़ता है। समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है आवश्यकता है तो उन्हें तराशने की उन्हें प्रेरित करने की। कई दुरांचलों में सुविधाओं के अभाव में जिज्ञासा अभिलाषा के बावजूद मन मसोस कर युवाओं को पढ़ाई से विमुख हो अल्पायु में ही रोजगार पर लगना पड़ता है। ऐसी स्थिति में ऐसे क्षेत्रों में जो समाज के शिक्षाविद् अथवा समाजसेवी जागरूक जन है। उन्हें ऐसी समाज की प्रतिभाओं का हौंसला, मनोबल बढ़ाते, उनका उत्साहवर्द्धन कर विषम परिस्थितियों में भी उनके पथ प्रदर्शक बन समाज सेवा के सहभागी बन सकते है।

आज प्रगतिशील युग में शिक्षा का ही बोल बाला हैं। तकनिकी शिक्षा का बढ़ते नवाचारों में प्रमुख स्थानों पर है। आज शैक्षिक योग्यता की ही पूछ है। युवाओं को परिणय बंधन के लिए संबध स्थापित करने में क्वालिफिकेशन को पहले परखा जाता है। ऐसे में परसेंटेज व प्रतिस्पर्धा के युग में हमारी नव पीढ़ी पीछे न रहे। वे आगे बढ़कर समाज का हर क्षेत्र में गौरव बढ़ायें इसके लिए समाज के विशिष्ठ बुजुर्गो, अनुभवी विभूतियों को भी प्रहरी बन अपने अपने क्षेत्र में निगाहें रख प्रतिभाओं की हर स्तर पर चाहे सामाजिक हो या सरकारी सहायता दिलाने के लिये आगे आना चाहिए, आज के युग में विद्या से विमुख रहने वालों को हर सुविधा से प्राय: विमुख होना पड़ता है, कहा है:-

***रूप यौवन सम्पन्ना, विशाल कुल सम्भवा:।***
***विद्या हीना न शौभन्ते, निर्गन्धा इव किंशुका:।।***

चाहे रूप यौवन से संपन्न हों, अथवा बड़े कुल में पले हुए हों परंतु इतना होते हुए भी यदि विद्याहीन हैं तो पलाश के फूल की तरह जो देखने में सुन्दर आकर्षक होते हैं, परनतु गन्धहीन होने से निर्थक हैं। इसी तहर विद्याहीन शोभान ही प्राप्त कर सकते है। विद्ववानों का यह भी कथन है कि

**''अन अभ्यासे विद्या विषम् इव निष्ठ कारी भवति।''**

अन अभ्यास से विद्या जहर बन जाती है अत: विद्या अध्ययन समाप्ति के बाद भी विद्या का सतत अध्ययन जरूरी है। विद्या प्राप्त पुरूष विनम्र बन जाता है। 'विद्या ददाति विनयं' ऐसी स्थिति में नवा चारों व अनुसंधानों के दौर में शिक्षा पर विशेष चिंतन मनन व मंथन करना है। बालिका शिक्षा को भी विशेष बढ़ावा देना भी समाज में योगदान होगा।

## शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना भी समाज सेवा है



मनीष गहलोत

# बड़ोदिया 14 वा हाडौती माली समाज सामूहिक विवाह समेलन में माली समाज के 75 बालिग वैवाहिक जोड़ो को दिलाई गई शपथ

## विभिन्न स्थानों पर हुए सामूहिक विवाह समारोह में रिकॉर्ड 711 जोड़ों ने थामा एक दूसरे का हाथ, करोड़ों रूपये के फिजूलखर्च की हुई बचत





हाड़ौती। क्षेत्र के ग्राम बड़ोदिया में आदर्श माली विकास समिति के तत्वावधान में 14 वे हाडौती माली समाज सामूहिक विवाह समेलन में 75 बालिग जोड़ो को समिति द्वारा विवाह बंधन में बांधा गया। समेलन के मुख्य अतिथि पूर्व कृषि मंत्री राजस्थान सरकार, श्रीमान डॉ प्रभु लाल सैनी रहे। अध्यक्षता भामाशाह व युवा नेता माली समाज श्रीमान डॉ रामदेव सैनी ने की, कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में माली समाज जिला अद्‌यक्ष श्रीमान सीताराम सैनी उपस्थित थे। सभी अतिथियों का समिति सदस्यों ने माल्यार्पण व साफा पहना कर स्वागत किया।

इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत से पहले कार्यक्रम स्थल पर शानदार दूल्हा–दुल्हन से सजे स्टेज पर रंगीन प्रकाश से नजारा ही अदभुत था। दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम लगभग रात्रि 10 बजे शुरू हुआ। डॉ प्रभु लाल सैनी ने कहा कि यह इतना बड़ा कार्यक्रम और 75 बालिग जोड़ो का वैवाहिक बंधन व एक सात वरमाला होना अपने आप मे माली समाज मे एक ऐतिहासिक है। सभी बालिग जोड़ो को मंच पर ही कन्या भ्रुण हत्या न करने, बेटी–बचाओ, बेटी पढ़ाओ, व बेटा –बेटी एक समान की शपथ दिलाई गई।

इस दौरान महिला अधिकारिता विभाग से श्रीमान रवि मिश्रण जी भी मौजूद रहे। वरमाला का नजारा भी अदभुत था सभी मंचासीन 75 बालिग जोड़ो को सामूहिक रूप से अतिथियों ओर समाज बंधुओ के समक्ष भव्य आतिशबाजी के साथ वरमाला कार्यक्रम किया गया जिसके साक्षी सभी समाज बंधु रहे। सम्मेलन की मुख्य खासियत पार्किंग की व्यवस्था, आगंतुकों का शीतल गन्ने का निशुल्क जूस, सुरक्षा व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था आदि। इस दौरान अतिथियों में फुंदी लाल सैनी, बबलू सैनी, बाबुलाल सैनी सरपंच बून्दी का गोठड़ा, फोरू लाल सैनी, गोपाल लाल सैनी, रामकिशन सैनी, व्याख्याता रामलक्ष्मण सैनी, पूर्व प्रधान पोखर लाल सैनी, भवर लाल सैनी आदि मंचासीन अतिथि रहे।

आखिर में सभी भामाशाह द्वारा घोषित किये गए उपहारों का लक्की ड्रॉ भी निकाला गया जिसमें प्रथम भाग्यशाली जोड़ा अर्जुन संग प्रियंका बड़ोदिया रही जिनको उपहार के रूप में स्कूटी प्राप्त हुई। वरमाला व स्टेज कार्यक्रम देर रात 12.30 तक चला। कार्यक्रम संचालन समिति प्रवक्ता नरेश कोटवाल ने किया। समिति अध्यक्ष हेमराज बलोपिया, चिरंजीव सैनी, शिवराज दासहला, आवतराम, दुर्गा कोटवाल, दशरथ, आदि ने आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

**सम्मेलन की मुख्य विशेषताएं :**

सम्मेलन में कुल 30 से 35000 लोग उपस्थित थे। भोजनशाला ने महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग–अलग पांडाल बनाए गए थे एवं शानदार व्यवस्थाएं रखी गई थी। कई भामाशाहों द्वारा सम्मेलन समिति को सहयोग हेतु अनुदान दिया। भामाशाहों द्वारा कन्यादान स्वरूप सामान जैसे कि कलर टीवी, स्कूटी,पानी कैंपर, सिलाई मशीन, मिक्सी इत्यादि उपहार स्वरूप दान में दिए गये। सभी जोड़ों का वरमाला का कार्यक्रम स्टेज के ऊपर किया गया ड्रोन कैमरा से सूटिंग की व्यवस्था की गई थी इसी प्रकार ड्रोन द्वारा जोड़ों पर पुष्प वर्षा भी की गई। सभी गतिविधियों को सीधा प्रसारण करने हेतु फुल साइज एलइडी स्क्रीन का इंतजाम था। सम्मेलन समिति द्वारा अतिथियों एवं भामाशाह का सम्मान किया गया। जिसने भी इस आयोजन को देखा सभी ने प्रशंसा की एवं कहा गया कि ऐसा सम्मेलन आज तक कहीं भी नहीं देखा गया

### सम्मेलन में 102 जोड़े अग्नि को साक्षी मानकर एक दूसरे के हमसफर बनें।

**सवाई माधोपुर।** सैनी विकास संस्थान के तत्वावधान में सैनी समाज का दो दिवसीय सामूहिक विवाह सम्मेलन मंगलवार को आलनपुर के सैनी छात्रावास मे संपन्न हुआ। सम्मेलन में 102 जोड़े अग्नि को साक्षी मानकर एक दूसरे के हमसफर बने। सैनी विकास संस्थान के जिलाध्यक्ष भागचंद सैनी ने बताया कि इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सम्मेलन में अमीर गरीब की भावना मिटती है तथा एक दूसरे में समानता का भाव पैदा होता है।

फेरों से पहले अवधपुर से दूल्हे सजधज कर जनकपुरी की ओर पहुंचे। वहां पर सोलह श्रृंगार कर बैठी दूल्हनों के द्वारा वरमाला पहनाकर स्वागत किया गया। दूल्हों ने जनकपुरी में तोरण मारने की रस्म अदा की। इसके बाद छात्रावास परिसर में ही बने फेरा पांडाल में दूल्हा दूल्हन का पाणिग्रहण



संस्कार करवाया गया। पाणिग्रहण संस्कार पंडित गौरी शंकर शास्त्री के द्वारा करवाया गया। प्रधान कुड की बोली 61 हजार रू. में सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष सचिन सैनी ने ली।

वर वधु को दिए उपहार सम्मेलन समिति की ओर से पायजेब, अंगूठी, चुटकी, मंगलसूत्र, बक्सा, बेड, पंखा, बर्तन आदि उपहार स्वरूप भेंट किए गए। इस दौरान सैनी विकास संस्थान के जिला अध्यक्ष भागचंद सैनी, सम्मेलन समिति अध्यक्ष सचिन सैनी, उपाध्यक्ष रामपाल सैनी, प्रहलाद, भवानी शंकर सैनी, हंसराज सैनी, कमलकिशोर, जयप्रकाश, मुकेश सैनी, डालचंद सैनी, सुरेशचंद सैनी, आदि मौजूद रहे।

इससे पूर्व सोमवार को आलनपुर स्थित सत्यनारायण मंदिर से कलश यात्रा शुरू हुई। सैनी विकास संस्थान के जिला अध्यक्ष भागचंद सैनी एवं सैनी सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष सचिन सैनी ने बताया कि सत्यनारायण मंदिर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश यात्रा शुरू की गई। कलश यात्रा में प्रधान कलश 51,000 एवं सहायक कलश की 15,000 रुपए की बोली लगाई गई। नगर परिषद सभापति विमला शर्मा द्वारा प्रधान कलश कुसुमलता सैनी के ऊपर रखा गया। सैनी सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष सचिन सैनी एवं एवं सैनी विकास संस्थान के जिला अध्यक्ष भागचंद सैनी ने ध्वज दिखाकर कलश यात्रा को रवाना किया, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए सम्मेलन प्रांगण सैनी छात्रावास में पहुंची। इस दौरान कलश यात्रा का जगह–जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

रात में भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में कलाकारों के द्वारा एक से एक रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई और श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। मुख्य अतिथि आरएएस शंकरलाल सैनी थे तथा अध्यक्षता शंकरलाल सैनी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति विमला शर्मा तथा सुंदर लाल सैनी मौजूद थे।

भजन संध्या में गायक कलाकार हेमराज सैनी ने आज सभा में आओ गजानन... के माध्यम से कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने घुमा दे म्हारा बालाजी घूमर घूमर घोटो..., काना कांकरिया मत मारे... सहित चौथ भवानी, खाटू नरेश एवं शंकर भगवान के भजन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर सैनी विकास संस्थान के जिला अध्यक्ष भागचंद सैनी, सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष सचिन सैनी, सम्मेलन समिति के उपाध्यक्ष शंकर लाल सैनी, प्रवक्ता लोकेश सैनी, कोषाध्यक्ष भवानी शंकर सैनी, महामंत्री नानकराम सैनी, सह कोषाध्यक्ष कमल किशोर आदि मौजूद थे।

## माली समाज सामूहिक विवाह समारोह में 25 जोड़े परिणय–सूत्र में बंधे।

**शिवगंज।** माली समाज पांच परगना सामूहिक विवाह आयोजन समिति की ओर से अक्षय तृतीया पर कांबेश्वर महादेव मंदिर परिसर में षष्ठम सामूहिक विवाह आयोजन रखा गया, जिसमें 25 नव जोडे अग्नि के समक्ष सात फेरे लेकर परिणय सूत्र में बंधे एवं अपना जीवन साथ बिताने का संकल्प लिया। विवाह आयोजन में पाली, सिरोही व जालोर जिले के समाज के लोगों ने भाग लेकर नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया। सामूहिक विवाह आयोजन में सुबह 8 बजे सभी बारातें पहुंचने पर शिवद्वार के बाहर समिति के कार्यकर्ताओं ने बैंडबाजों के बीच उनका स्वागत किया। इसके बाद दुल्हा व दुल्हन को ठहराव स्थानों पर भेजा गया। सुबह 10 बजे सामेला किया एवं सगे–संबंधियों ने एक–दूसरे को गले लगा एवं कपड़ों पर केसरिया रंग डालकर मिलनी की। दूल्हों ने सुबह साढ़े दस बजे एक साथ तलवार से तोरण टीका। इसके पहले



दुल्हन परिवार की महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए सभी दूल्हों का तिलक लगा और आरती कर स्वागत किया। इसके बाद 25 पंडितों ने आचार्य की मौजदूगी में मंत्रोच्चारण के साथ सभी दुल्हा–दूल्हनों के सात फेरों की रस्म पूरी करवाई एवं दुल्हा–दूल्हन को अपना जीवन साथ बिताने का संकल्प दिलाया। विवाह स्थल पर शाम 4 बजे विदाई समारोह रखा गया, जिसमें आयोजन समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों ने साधु–संतों, दानदाताओं व अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद दुल्हा–दूल्हन को उपहार सामग्री वितरण कर विदाई दी गई।

### ये रहे मौजूद

विवाह आयोजन में स्वामी चेतनगिरी महाराज, पंछीदास महाराज, शिवरामदास महाराज, साध्वी संतोष भारती, पंचायत समिति प्रधान जीवाराम आर्य, ज्योतिबा फुले संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीलाल सांखला, फालना माली जाति शिक्षा प्रचारक संघ के संरक्षक व पूर्व आयुक्त शंकरलाल गहलोत, समिति के संरक्षक चुन्नीलाल परिहार, अध्यक्ष भंवरलाल देवड़ा, माली समाज शिवगंज के अध्यक्ष मांगीलाल टांक, उपाध्यक्ष हजारीमल सोलंकी, बाबूलाल गहलोत, महामंत्री बाबूलाल माली, कोषाध्यक्ष गणेश भाटी, रमेश कुमार पाडीव, छोगाराम भाटी, मांगीलाल गहलोत, एडवोकेट अमृतलाल परिहार, भैराराम देवड़ा, मांगीलाल परिहार, शांतिलाल देवड़ा, नारायणलाल चौधरी, महेश परिहार, मीठालाल, लक्ष्मण परिहार व गोविंद गहलोत मौजूद थे। मंच का संचालन मोहनलाल परिहार ने किया।

## माली समाज का 18 वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में 14 जोड़ों का विवाह संपन्न।

**फुलमालिपुरा।** नवीन धर्मशाला में माली समाज का 18वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आखातीज को सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन में 14 जोड़ो का विवाह धार्मिक संस्कारों के साथ किया गया।

सभी वर एवं वधु पक्ष को सायं 5 बजे आमन्त्रित किया गया था। रात्रि में



गणेश पूजन, चिड़ी, सगाई, पलड़ा आदि रस्में निभाई गई। सभी जोड़ो को पांच सोने चांदी रकम, रजाई गादी, पलंग, बर्तन दिए गए, सामूहिक कन्यादान में प्राप्त राशि 1लाख 25 हजार 3 सो रु को सभी जोड़ो में समान रूप से वितरित की गई जो 8950 रु प्रति जोड़ो को प्राप्त हुई।

इस समारोह में होशंगाबाद , भवानीमंडी, रामगंजमंडी, दरियावाद, कोटा, नीमच, इंदौर, जावरा, उज्जैन, बड़ागाँव आदि से करीब 5 हजार लोग शामिल हुवे।सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष हरिमोहन रामचन्द्र करसानिया का स्वागत, सहदेव बनासिया, शंकरलाल जादम, सुश्री मंजू राजौरिया इंदौर, नागराज जादम, सत्यनारायण चुलीवाल रतलाम, आदि ने सरोफा बांध कर किया। पूरे कार्यक्रम का संचालन रमेंश बनासिया ने किया। अंत में आभार हरिमोहन करसानिया ने माना।

## भोपाल में 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह, रेड थीम पर सजाया विवाह मंडप

**भोपाल।** फूलमाली समाज द्वारा इस्लाम नगर जगदीशपुरा में 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। यह समारोह थीम बेस रखा गया था। दुल्हनों ने जहां लहंगे की जगह लाल रंग की साड़ियां पहनी हुई थीं, वहीं दूल्हों ने शेरवानी पहनी थी और लाल कलर का दुपट्टा डाला था। समाज के अध्यक्ष गीता प्रसाद सैनी ने बताया कि विवाह स्थल को भी इस बार लाल रंग की थीम पर सजाया गया था। यह शुभता का प्रतीक है।

सामूहिक सम्मेलन समिति के अध्यक्ष हरिनारायण माली और समाज के अध्यक्ष गीता प्रसाद माली ने बताया कि समाज की ओर से लगातार 23 वर्षो से यह आयोजन किया जा रहा है। जगदीशपुर स्थित राम मंदिर में 25 दूल्हों की सामूहिक बारात निकाली गई जो विभिन्न मार्गो से होते हुए आयोजन स्थल पहुंची। यहां विधि विधान के साथ विवाह की रस्में हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।



## 20वां सामूहिक विवाह सम्मेलन में 12 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे




**आमेर।** माली (सैनी) समाज का 20वां सामूहिक विवाह सम्मेलन विधि–विधान से मंगलवार को पीली की तलाई स्थित गोविंद स्टेडियम में हुआ। विवाह सम्मेलन माली समाज विकास समिति विश्वकर्मा मंदिर आमेर के तत्वावधान में आयोजित किया गया। समिति अध्यक्ष हनुमान सहाय सैनी ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन में 12 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे तथा इनके साथ ही तुलसी का विवाह कार्यक्रम हुआ। सम्मेलन में राजस्थान के अलग–अलग जगहों से जोड़ों ने भाग लिया। कार्यक्रम में नगर निगम के चेयरमैन कजोड़मल सैनी, जगदीश बागड़ी, मोहन लाल सैनी, ईश्वर लाल सैनी, लालचंद सैनी, महेश सैनी आदि समाज के गणमान्य लोगों ने वर–वधु को आशीर्वाद दिया।

## माली सैनी समाज 65 जोड़ों का विवाह सम्मेलन

**कोटा।** माली सैनी समाज समिति की ओर से पार्वतीपुरम में 65 जोड़ों का विवाह सम्मेलन हुआ। इसमें हाड़ौती सहित मध्यप्रदेश के जोड़े शामिल हुए। अध्यक्ष गंगाबिशन ने बताया कि सम्मेलन में 10 से 12 हजार लोग शामिल हुए।दोपहर में फेरे, शाम को दुल्हनों की विदाई की गई।

## फूल माली सैनी समाज 28 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**कोटा।** फूल माली सैनी समाज की ओर से नयापुरा स्टेडियम में 28 जोड़ों का विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में हाड़ौती सहित मध्यप्रदेश के 33 जोड़ों का विवाह होना तय था, लेकिन 5 जोड़े नाबालिग होने की सूचना के चलते नहीं आए। सम्मेलन स्थल में सुबह से ही समाज के लोगों की आवाजाही रही। यहां करीब 10 हजार लोगों ने इसमें शिरकत की। दोपहर को फेरे हुए और शाम को विदाई हुई।

## 25वां आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में 49 जोड़ें बने एक दूसरे के हमसफर

**टोंक।** सदर माली सैनी समाज की ओर से गोल डूंगरी सरबराबाद में आखातीज के अवसर पर सामूहिक विवाह सम्मेलन का 25वां आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन धूमधाम से सम्पनन हुआ।जिसमें जिलेभर से आए 49 जोड़ें अग्नि के समक्ष फेरे लेकर इकदूजे के बने। सम्मेलन समिति अध्यक्ष सीताराम टाक व माली सदर के अध्यक्ष पीरूलाल पटेल ने बताया कि सम्मेलन में टोंक सहित दूर दराज के जिलेभर से जोड़े आए। जिनका विधि विधान से पंडितों ने मंत्रोचार के साथ अग्नि से समक्ष पाणिग्रहण संस्कार संपन्न करवाया। सम्मेलन में रंग बिरंगे परिधान पहने माली समाज की महिलाओं व पुरूषों की उमड़ी भीड़ से मेले जैसा माहोल बना हुआ था। विवाह के बाद सम्मेलन में समिति की ओर से दुल्हन को आभूषण सहित गृहस्थी के जरूरत का सभी समान उपहार के रूप में दिया गया।

इससे पहले पंचकुईया दरवाजा से निकासी निकाली गई इसमें शामिल समाज के लोग विभिन्न मार्गो से होते हुए विवाह स्थल पहुंचे। सम्मेलन में

अध्यक्ष पीरूलाल पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश गढ़वाल, उपाध्यक्ष छोटूलाल सैनी, महामंत्री अचलेश, राजेश, जगदीश, शंकरलाल, पार्षद छोटेलाल सोलंकी आदि व्यवस्थाओं में जुटे हुए थे। समारोह में रमेश रहमानदिया, छोटूलाल गोला, पीरूलाल सैनी, घनश्याम सैनी, रमेश गढ़वाल, कमलेश सैनी, राहुल सैनी, मांगीलाल सैनी, तेजमल चौहान, सत्यनारायण अजमेरा, सीताराम सैनी, जगदीश निवाईलाल, रामेश्वर सैनी सहित सम्मेलन समिति के पदाधिकारी एवं माली समाज के हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## माली समाज के 20 जोड़े ने अग्नि के साक्षी बन सामूहिक विवाह समारोह में थामा हाथ

**इंदौर।** जयपुरी फूलेरा माली समाज द्वारा बियाबानी स्थित समाज की धर्मशाला में सामूहिक विवाह आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजमोहल्ला से चल समारोह निकाला गाया इसमें 20 जोड़े शामिल हुए। घोड़ी दुल्हे और बग्घियों पर दुल्हन बैठकर निकली तो बाराती नाचते हुए चल रहे थे।

## छठें सामूहिक विवाह सम्मेलन में 30 वर वधु ने थामा एक दूसरे का हाथ

**भरतपुर।** हलैना कस्बा में मंगलवार को सैनी समाज की ओर से समाज का छठा सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें 30 वर वधु के




पाणिग्रहण संस्कार हुए। सम्मेलन में मुख्य अतिथि भजनलाल जाटव रहे। इस अवसर पर भजनलाल जाटव ने कहा कि दहेज प्रथा सभ्य समाज के लिए कलंक है और किसी भी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन दहेज प्रथा को बंद करने का उचित जरिया हो सकता है साथ ही सामूहिक विवाह सम्मेलन से फिजूलखर्ची पर भी लगाम लगती है। सम्मेलन में तीस मण्डप तैयार किए गए और विवाह की सभी रस्में मौके पर निभाई गई एवं वधु पक्ष के लोगों ने कन्यादान किए। सम्मेलन में समाज के भामाशाहों ने भी समाज उत्थान के लिए मदद की। इस मौके पर टीकम सैनी, देशराज, शिक्षाविद् भगवान सिंह, होतीलाल सैनी रामखिलाड़ी आदि मौजूद रहे।

## मोहनपुरा में फूल माली समाज के विवाह सम्मेलन में 44 जोड़ों का विवाह

**परिवार खिलाफ था, समाज का मिला साथ अपनों को राजी कर सम्मेलन में कराई शादी**

**इंद्रगढ़।** क्षत्रिय मोहनपुरा के महात्मा ज्योतिबा फूले भवन में मंगलवार को फूल माली सैनी समाज का 11वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें 44 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। सुबह कलशयात्रा निकाली, जिसमें समाज की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। दोपहर 2 बजे बाद आचार्य नंदकिशोर शर्मा द्वारा विधि विधान और मंत्रोचारण के साथ फेरे की रस्म की शुरू की गई। विवाह सम्मेलन में उपहार स्वरूप प्रत्येक जोड़े को सोने का टिकला, चांदी की पायल, अलमारी, पलंग एवं जरूरी समान दिए गए। इस सम्मेलन में एक युगल के सपनों को भी पूरा करने का काम किया। इसके लिए समाज ने युगल को आश्रय दिया, फिर माता पिता को भरोसे में लिया और सम्मेलन में उन्हें जीवन साथी बना दिया। इसके साथ ही इस जोड़े को अशीष देने के लिए उनके अपनों के अलावा समाज के गणमान्य नागरिक भी पहुंचे।

समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता धन्नालाल सैनी ने बताया कि मोहनपुरा में फूल माली सैनी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारी पहले से की जा रही थी। इसकी सूचना मिलने पर टोंक जिले से समाज के युवक दीपक सैनी व पूजा सैनी जो पिछले 2 महीने से समाज वालों के संपर्क में थे। दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन इसके लिए दोनों के माता पिता सहमत नहीं थे। पिछले कुछ सप्ताह से यह इंद्रगढ़ में समाज के लोगों क यहां रह रहे थे। धन्नालाल सैनी ने बताया कि दोनों के माता पिता को मनाकर शादी के लिए तैयार किया गया और मंगलवार को राजी खुशी में इस जोड़े की भी शादी संपन्न हो गई। दोनों के माता पिता ने वर वधू को आशीर्वाद भी दिया।

समारोह में टोंक, सवाई माधोपुर, कोटा, बुंदी, बारां, झालावाड़ जिलों से जोड़े और उनके रिश्तेदार आए थे। जिनका उत्साह बढ़ाने के लिए समाज तहसील अध्यक्ष भैरूलाल सैनी, विवाह सम्मेलन समिति अध्यक्ष किशन गोपाल सैनी, ठेकेदार जगदीश सैनी, समाज के महामंत्री नंदकिशोर सैनी, सूरजमल सैनी, सत्यनारायण सैनी सहित सैकड़ों लोग सम्मेलन में मौजूद रहे।

## सामूहिक विवाह समारोह में माली समाज के 30 जोड़े हमसफर बनें

**पनवाड़।** धूलेट गांव में माली समाज के 30 जोड़े हमसफर बने यहां हाड़ौती माली समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। समिति के अध्यक्ष हरिराम सुमन ने बताया कि धूलेट में कोटा रोड़ पर सामूहिक विवाह सम्मेलन में रात्री में जुलूस गांव के मुख्य मार्गो से निकाला गया। वर वधु पक्ष ने मौसाला पहनने के बाद निकासी निकाली। मध्य रात्रि में 30 जोड़ों ने सात फेरे लिए।

## सात फेरे लेकर एक दूजे के हुए 23 नवयुगल

**खिलचीपुर, मध्य प्रदेश।** फूलमाली समाज का 21वां आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन बस स्टैण्ड स्थित मण्डी वाले खेत में आयोजित किया गया। इसमें 23 जोड़ों ने सात फेरे लेकर साथ जीने मरने की कसमें खाई।

पिछले एक माह में सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां सम्मेलन समिति द्वारा की जा रही थी। सुबह आठ बजे झंडावंदन के साथ सम्मेलन की शुरूआत की गई। वहीं नौ बजे पूजन के बाद भगवान सत्यनारायण की कथा, हवन, पूजन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 51 जोड़ों का निःशुल्क विवाह सम्मेलन मोहनलाल द्वारा कराया गया था। सम्मेलन में उर्जा मंत्री प्रियव्रतसिंह, भाजपा प्रत्याशी रोड़मल नागर, पूर्व विधायक हजारीलाल दांगी, फूले बिग्रेड प्रदेशाध्यक्ष विनोद माली ने पहुंचकर वर–वधु को अशीर्वाद दिया। समिति द्वारा सभी अतिथियों का साफा बांधकर सम्मान किया गया। मध्य रात्रि पंडित नीरज शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सभी 23 जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार विधि विधान एवं पारंपरिक रीति रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। सम्मेलन समिति सदस्यों ने बताया कि यह 21वां सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ है। इसमें प्रदेशभर से बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने शामिल होकर सम्मेलन का सफल बनाया।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन में 129 जोड़े बने हमसफर

**टोंक।** श्री चारभुजा नाथ नगरी भासू में शनिवार को क्षत्रीय फूल मालियान समाज का ऐतिहासिक द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन श्री श्याम





सैनी मित्र मण्डल भासू के तत्वावधान में सामाजिक रीतिरिवाज के अनुसार धूमधाम से सम्पन्न हुआ। जिसमें समाज के 129 जोडों का पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न हुआ। जिसके 50 हजार लोग पहुंच कर साक्षी बने है।

सुबह गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से सभी दुल्हा–दुल्हन की बैण्डबाजे के साथ धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। जोकि चारभुजा धर्मशाला, नवनिर्मित मालियान धर्मशाला, राधाकृष्ण मंदिर, सीताराम मंदिर होते हुए गांव के मुख्य मार्गों से वापस फैरे पाण्डाल पर पहुंची। जहां पर सभी दुल्हों ने तोरण की रस्म पूरी की। वर–वधु द्वारा आपस में वरमाला पहनाई गई। आचार्य योगेश शर्मा काचरिया हमीरपुर वालो के मंत्रोच्चार पर सभी पण्डितों ने प्रत्येक जोड़े से फैरे की रस्म पूरी करवाई। विवाह पाण्डाल में सभी 129 जोड़ों ने हवन कुण्ड में अग्नि के समक्ष सात फैरे लिए तथा सातों वचन निभाने की कस्मे खाकर एक दूजे के हो गए। विवाह समारोह स्थल को विशेष साज सज्जा के साथ सजाया कर ऐतिहासिक बनाया गया था। वर पक्ष के लिए अयोध्या नगरी व वधु पक्ष के लिए जनकपुरी बनाई गई। लोगों की सुविधा के लिए कंट्रोलरूम व उपचार हेतु दवा का काउंटर लगाया गया। मनोरंजन के लिए झूला चकरी आदि की लगाए गए थे। विवाह समारोह में प्रदेश भर से आए दोनों पक्षों की ओर से करीब 50 हजार लोगों ने शिरकत की है। विवाह समारोह के भोज में हजारों लोगों ने भोजन ग्रहण किया। समारोह में आए क्षेत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष संतकुमार जैन, माली समाज के प्रदेश अध्यक्ष ओंकार कच्छावा, जिलाध्यक्ष कैलाश आर्यवीर, गजराजसिंह भासू, रामदेव कुमावत सहित गणमान्य लोगों ने पहुंच कर वर–वधु को आशिर्वाद दिया। इस दौरान विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि विवाह सम्मेलन आयोजित करना एक अच्छी परंपरा है। इसकी पहल महात्मा ज्योतिबा फूले ने ही की थी। जो आज हर वर्ग में तेजी से बढ़ रही है। यह सभी के लिए अच्छी बात है।

वर–वधु को शादी में समाज की ओर से सभी आवश्यक सामान दिया गया। जिसमें प्रत्येक जोड़े को एक–एक सिंहल बैड मय गद्दा व तकिया–चद्दर, एक आलमारी, कूलर, एक कलर एलसीडी, बर्तन, दो कुर्सी, चांदी की पायल, सोने का मंगल सूत्र 2.5 ग्राम दिया है।

युवाओं ने संभाली कमानरू विवाह समारोह में व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए माली समाज सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष महेन्द्र कुमार बागवाल, कोषाध्यक्ष गोपाललाल माली, रामलाल बागवाल, रामदेव उणयारिया, बाबूलाल बागडी, रामपाल बागवाल, रामकरण, भंवरलाल पटेल सहित जिलाध्यक्ष कैलाश आर्यवीर, सीताराम अजमेरा, बाबूलाल अजमेरा, लाभचंद अजमेरा एडवोकेट, रामप्रसाद अजमेरा, पार्षद सत्यनारायण दग्धी, किशनलाल, भगवान, कजोड बागडी, भंवरलाल सैनी, अशोक अजमेरा, हरजीराम मोडकिया, रामप्रसाद धमाणक्या, रामलाल अजमेरा, गोवरधन, महावीर धमाणक्या, अशोक सैनी पूर्व सीआर बस्सी सहित समाज के पंच पटेलों व समाज के नवयुवक कार्यकर्ताओं ने कमान संभाली हुई थी।

## 40 जोड़े परिणय सूत्र में बंधकर बने हमसफर, फूले की प्रतिमा का अनावरण

**आंवा, टोंक।** फूल माली सैनी समाज आंवा के तत्वावधान में अखनेश्वर परिसर में प्रथम आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में 40 जोड़े परिणय सूत्र में बंधकर हमसफर बने। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में संबोधन देते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदनलाल सैनी ने कहा महात्मा ज्योति बा फूले को महान क्रांतिकारी, समाजसेवी, लेखक और दार्शनिक की उपमा देते हुए इन्हें सामाजिक क्रांति के अग्रदूत बताया। प्रदेशाध्यक्ष ने कृषि में हुए नवाचारों को अपनाने की सीख देते हुए शिक्षा के सार्वभौमिकरण पर जोर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व कृषि मंत्री डॉ. प्रभुलाल सैनी ने महात्मा फूले के सत्यशोधक समाज की ओर से अछूताद्धार के लिए किए गए कार्यो पर प्रकाश डालते हुए राजनीति में पनप रहे जातिवाद और पूंजीवाद पर प्रहार किया। पूर्व युवा बोर्ड के अध्यक्ष भूपेन्द्र सैनी ने आंवा में स्थापित हुई महात्मा ज्योति बा फूल की प्रतिमा की विशेषता और महत्व को समझाया। राज्य की दूसरी आदमकद वजनी बहुमूल्यवान प्रतिमा बताते हुए इसे जिले का गौरव बताया। समिति की ओर से शनिवार को निकासी पाणिग्रहण संस्कार के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

वर माला के दौरान परिणय सूत्र में बंधने वाले वर और वधुओं के साथ समारोह में मौजूद हजारों लोगों ने बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या, लिंग भेद, महिला और बाल अपराथ, नुकथा प्रथा, मण्डप और दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों को जड़ से मिटाने का संकल्प लेकर सभी कोमों को साथ लेकर चलने की संदेश भी दिया। अखनियों तालाब के मध्य नवनिर्मित छतरी पर स्थापित महात्मा ज्योति बा फूले की प्रतिमा अनावरण में देश भर की समाज विभूतियों के साथ अन्य लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा।

इससे पूर्व आदर्श सामूहिक विवाह को ऐतिहासिक बनाने के लिए विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ पूर्व कृषि मंत्री डॉ. प्रभुलाल सैनी के साथ सरपंच राधेश्याम चंदेल लगातार तीन दिन कार्य स्थल पर दिन रात डटे रहे। आयोजन में प्रदेश महासभा के अध्यक्ष ऊँकार राम कच्छवाहा, बनवारी लाल सैनी, छुट्टनलाल सैनी, औंकारलाल सैनी, ताराचंद गहलोत, महेश चौहान, राजेन्द्र कुमार मावर, भवानी शंकर, नीलू सिंह, रामकरण सैनी, रूपचंद मरोठिया, प्रभातीलाल, दुर्गालाल, सीताराम सैनी, राहुल तंवर भागचंद सैनी आदि ने भी अपने विचार प्रकट किए। इस दौरान इनका समिति की ओर से माला और साफा पहनाकर सम्मानि किया गया।

**माली सैनी संदेश परिवार सभी नवविवाहित वर वधुओं को शुभकामनाओं के साथ आयोजकों का हार्दिक अभिनंदन करता है।**

गृह नगर सहित प्रदेश भर में जन्मदिवस पर कई कार्यक्रम, दीर्घायु की कमाना की, रक्तदान किया, गरीबों को करवाया भोजन, कई प्रतियोगिताएं हुई

# मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिवस पर प्रदेशभर में हुए आयोजन





जोधपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जन्मदिवस 3 मई को उनके गृहनगर में धूमधाम से मनाया गया। उनकी दीर्घायु की कामना के लिए पूजा अर्चना की। साथ ही कई स्थानों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन हुआ। गरीब और असहायों को भोजन बांटा गया। वहीं कई स्थानों पर खेल प्रतियोगिताएं भी हुई।

अशोक गहलोत का जन्मदिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं की और से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह उम्मेद अस्पताल के सामने रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संयोजक चेतन गहलोत ने बताया कि शिविर के माध्यम से जरूरतमंदों के लिए रक्त एकत्रित कर रक्तदान महादान का संदेश दिया गया। शिविर में कई युवाओं ने रक्तदान किया वहीं सरदारपुरा बी रोड़ स्थित केसी लोन में भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कांग्रेसी कार्यकर्ताओं व सर्मथकों आदि ने रक्तदान किया। इस अवसर पर शहर विधायक मनीषा पंवार, पूर्व महापौर डॉ. ओमकुमारी सहित कई कांग्रेसी नेता उपस्थित थे। इसी तरह शहर विधायक मनीषा पंवार की अध्यक्षता में कुष्ठ आश्रम मंडोर में रोगियोंक को भोजन, हाईकोर्ट रोड़ पर दर्जनों गरीब व निर्धन तबके के लोगों को भोजन करवाया गया। इस दौरान सैनाचार्य अचलानंदगिरी महाराज भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिवस पर ही श्याम नगर स्थित राज हॉस्पिटल में बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता शिविर और निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन भी किया गया। इस दौरान यहां गोद भराई रस्म एवं बालिका जन्मोत्सव मनाया गया। शिविर में सैकड़ों मरीजों की निःशुल्क जांच की गई।

फॉकन क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में अशोक गहलोत के जन्मदिवस पर क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन वीरू क्रिकेट अकेडमी पर किया गया। इस अवसर पर डीसीए अध्यक्ष राजवीर सिंह कच्छवाहा, शहर विधायक मनीषा पंवार, सचिव रामप्रकाश, रणवीर सिंह कच्छवाहा के आतिथ्य में प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया गया। प्रतियोगिता में 16 टीमें भाग ले रही है।

**अशोक गहलोत के जन्मदिवस पर खण्डवा के राजेन्द्र सैनी सुमन सैनी ने की देहदान की घोषणा**

**चुरू।** खंडवा हाल हाउसिंग बोर्ड चुरू निवासी दंपति ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिवस के अवसर पर देहदान की घोषणा की। राजेन्द्र सैनी एवं उनकी पत्नी सुमन सैनी ने शुक्रवार को दादाबाड़ी में मुख्मंत्री के जन्मदिवस को लेकर हुए कार्यक्रम में उक्त घोषणा की।

इधर सैनी दंपति के इस निर्णय को लेकर नेत्रदान व रक्तदान जनजागरण अभियान, सरदारशहर ने बधाई पत्र भेजकर प्रोत्साहित किया। समिति के जिला संयोजक गणेशदास स्वामी ने पत्रमें लिखा सैनी दंपति के इस निर्णय से चुरू मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को मदद मिलेगी। चुरू में एसबीआई में लाइफ मित्र के तौर पर कार्यरत राजेन्द्र सैनी ने बताया कि वह 1992 से अशोक गहलोत के संपर्क में है। वह वर्ष 1995 से अभी तक खुद के स्तर पर अशोक गहलोत के हर कार्यक्रम में शामिल होता रहा है। गहलोत से प्रभावित होने के चलते ही उसने अपनी पत्नी सुमन सैनी से स्वीकृति मिलने के बाद दादाबाड़ी में हुए कार्यक्रम में सार्वजनिक रूप से इसकी घोषणा की।


**अशोक गहलोत के जन्मदिवस के बहाने सैनी समाज ने दिखाई ताकत।**

**अलवर।** जिला सैनी महासभा के तत्वावधान में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जन्मदिवस ''सदभावना एवं समर्पण दिवस'' के रूप में मनाते हुए सामाजिक जनसंवाद एवं परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन एस. एम.डी. सर्किल अलवर के पास स्थित सारा मैरिज होम परिसर में किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज की एकजुटता दिखाई गई।

अलवर जिला सैनी महासभा युवा जिलाध्यक्ष, जिला प्रवक्ता जितेन्द्र खुराड़िया ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैभव गहलोत, (प्रदेश महासचिव, राजस्थान प्रदेश कमेटी) थे। अध्यक्षता सैनी महासभा जिलाध्यक्ष पूरणमल सैनी ने की। वैभव गहलोत का उपस्थित पदाधिकारियों, सामाजिक प्रतिनिधियों ने 51 किलों की फूलमाला पहनाकर एवं साफा पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वैभव गहलोत ने कहा कि नेता की रक्षा समाज करता है, समाज की सुरक्षा संरक्षण नेता को करना चाहिए। एक व्यक्ति, एक समाज के भरोसे जनप्रतिनिधि नहीं बनता, सभी समाजों के वर्गो को साथ लेकर चलने वाला ही जनप्रतिनिधि बनता है। सैनी समाज को राजनैतिक रूप से मजबूत बनने के लिए संगठित रहकर अन्य समाजों के साथ व वैचारिक, सामाजिक संबध बनाकर आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए और समाज को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, प्रोत्साहन देने हेतु कार्य योजना पर कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित अन्य वक्ताओं ने कहा कि समाज में समय समय पर सामाजिक संवाद एवं ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन अति आवश्यक है। जिससे कि प्रत्येक व्यक्ति का जुड़ाव समाज

# हमारे मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत को जन्मदिन पर हार्दिक बधाई और कोटिश शुभकामनायें



अशोक गहलोत होने के मायने हैं कि आज के मूल्यक्षरण के राजनीतिक दौर में भी यह विश्वास जीवंत है कि अब भी गांधीवादी रीति नीति, तौर–तरीकों एवं मूल्यों के सहारे राजनीति की जा सकती है और एक प्रशस्त एवं सफल सार्वजनिक जीवन जिया जा सकता है। सरलता, सहजता, त्याग, विनम्रता, मानवीय संवेदनशीलता और ईमानदारी उनके व्यक्तित्व की शोभा है। सेकेंड भर भी जिससे मुखातिब हुये, उसमें अपने को उलेड़ देने का महारथ उनमें है। राजनीतिक एकनिष्ठा के साथ जनसमर्पणयुक्त एक सम्पूर्ण जनाभिमुख राजनीतिक जीवन की वह किसी भी सार्वजनिक जीवन में कदम रखने वाले के लिये अनुकरणीय मिसाल हैं। अति साधारण परिवार में जादूगरी से परिवार चलाने वाले एक पिता की संतान अशोक गहलोत राजनीति के जादूगर कहे जाते हैं।

एक गांधीवादी रचनात्मक कार्यकर्ता के रूप में सार्वजनिक जीवन आरंभ करने वाले अशोक जी ने राजनीतिक जीवन में जिस सहजता से उत्तरोत्तर उत्कर्ष की ओर ले जाती सीढ़ियां किसी मोड़ पर बिना लड़खड़ाये चढ़ीं, वह भी एक प्रेरक मिसाल है। कहा जाता है कि राजस्थान का कोई गांव नहीं होगा, जहां वह किसी एक भी न जानते हों। आदमी के पारखी और संग्रही हैं। जाति का कोई आधार नहीं, लेकिन न केवल पांच बार संसद एवं लंबे समय केन्द्र में मंत्री रहे, तीन बार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, दो बार कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पांच बार विधानसभा सदस्य एवं तीन बार मुख्यमंत्री बने गहलोत जी के अपने सूबे राजस्थान में भैरोंसिंह शेखावत के बाद इस तरह का कोई समतुल्य कद्दावर नेता नहीं।

विकास और लोकल्याण की राजनीति और मूल्यपरक राजनीति में आस्था रखते हैं, लेकिन चुपचाप लोगों की मदद का भी गहरा व्यसन है। राजस्थान को संस्थागत एवं ढांचागत विकास से संवारने और उसी कसौटी पर अपने शहर जोधपुर को भी विकास के हर रंग वाले फूल के गुलदस्ते सा सजाने में अग्रणी भगीरथ योगदान दिया है, जिनकी सराहना में राजनीतिक विरोधी भी संकोच नहीं करता। गुस्सा आता नहीं और अपनी साफ छवि के प्रति सतत सजगता की सूक्ष्म दृष्टि सक्रिय रहती है। लोगों को ध्यान से सुनते हैं। काम की धुन हो तो घर– परिवार से तीज–त्यौहार तक की सुधि नहीं होती।

**पुनः जन्मदिन पर हार्दिक बधाई**

के साथ हो सके और समाज को आगे बढ़ने के लिए सामाजिक कुरीतियों को कम करने का आव्हान किया।

कार्यक्रम के अंत में अशोक गहलोत के जन्मदिवस पर केक काटकर उनकी लम्बी दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर अलवर जिला सैनी महामंत्री लक्ष्मण सिंह सैनी ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी प्रेषित करते हुए कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस प्रदेश महासचिव अशोक सैनी, पूर्व मंत्री धमेन्द्र राठौड़, अभय सैनी, जिला कांग्रेस प्रत्याशी श्वेता सैनी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमलेश सैनी, सैनी महासभा अध्यक्ष पूरणमल सैनी, महामंत्री लक्ष्मण सिंह सैनी, पूर्व यूथ कांग्रेस अध्यक्ष पवन सैनी, अशोक सैनी, यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष दीपक सैनी, भगवत बाल्याण, सीताराम सैनी, पार्षद विजय सैनी आदि मौजूद थे।



### पूंजला नाडी संस्थान ने किया वृक्षारोपण

**जोधपुर।** श्री सैनिक क्षत्रिय पूंजला नाड़ी संरक्षण एवं पर्यावरण विकास संस्थान, मगरा–पूंजला, जोधपुर द्वारा राजस्थान के कर्णधार, यशस्वी एवं विकास पुरूष माननीय श्री अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार के जन्मदिवस के उपलक्ष में आज वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम संयोजक राकेश सांखला एवं संचालक जगदीश देवड़ा ने बताया कि श्री सैनिक क्षत्रिय पूंजला नाड़ी संरक्षण एवं पर्यावरण विकास संस्थान के तत्वाधान में गणमान्य लोगों की उपस्थिति में पर्यावरण के प्रति संकल्प होने के नाते एवं विकास के महत्वों से प्रेरित होकर राजस्थान के कर्णधार, यशस्वी एवं विकास पुरूष माननीय श्री अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार के जन्मदिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया।

कार्यक्रम में शहर जिला कांग्रेस कमेटी महामंदिर ब्लॉक की अध्यक्ष श्रीमती किरण गहलोत, अरविन्द भाटी, लॉयन क्लब मण्डोर के श्रवण सांखला, सत्यम् स्कूल के डॉयरेक्टर मनीष गहलोत, समाजसेवी माधोसिंह गहलोत, माली संदेश मनीष गहलोत, संस्थान सदस्य छंवरलाल गहलोत, अशोक गहलोत, रविन्द्र, हंसराज गहलोत, शेखर गहलोत, दिलीप परिहार, हेमसिंह सांखला, सुश्री वंदना, निकिता, अंकिता चौहान, अर्जुनसिंह, चेतन, ब्रह्मसिंह सांखला, राजू गहलोत, भंवरलाल चौधरी, रामेश्वर दाधिच, सज्जनसिंह परिहार, नरसिंह सोलंकी, ओमप्रकाश कच्छवाह, राजेन्द्रसिंह सोलंकी, मुकेश देवड़ा, मनोज रांकावत, झुमरलाल देवड़ा, मुकेश कचछवाह, करण आदि गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दी।

उपस्थित गणमान्य लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम संयोजक राकेश सांखला व संचालक जगदीश देवड़ा ने अतिक्रमण को रोकने व नाडी के चहुँमुंखी विकास हेतु प्रशासन से सहयोग की अपील की और आये हुए सभी आगन्तुकों का सधन्यवाद ज्ञापित किया।

जोधपुर में आयोजित होगा टेलेण्ट सर्च एग्जाम

# माली समाज द्वारा विद्यार्थियों हेतु IAS, RAS, IFS की कोचिंग नई दिल्ली में

जोधपुर। माली संस्थान जोधपुर द्वारा अखिल भारतीय महात्मा ज्योति बा फूले प्रशिक्षण केन्द्र के तत्वावधान में समाज के विद्यार्थियों को प्रशासनिक तैयारी करवाने के लिए पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज के योग्य विद्यार्थियों हेतु पीए टीए थे बनाने हेतु टैलेंट सर्च एग्जाम का आयोजन किया जा रहा है इस एग्जाम में फार्म जमा करवाने की अंतिम तिथि 31 मई, 19 रखी गई है तथा यह फार्म समाज की वेबसाईट www.sainimalisamaj.com पर उपलब्ध है। टैलेंट सर्च एग्जाम की ऑनलाईन एवं ऑफ लाईन परीक्षा 9 जून, 19 को रामबाग परिसर में आयोजित की जाएगी।

इसमें सफल विद्यार्थियों को मैरिट के आधार चयन कर दिनांक 23 जून, 19 को जयपुर में आयोजित होने वाले इंटरव्यु एवं दिए गए दो विषयों पर निंबध के अधार पर चयनित कर नई दिल्ली में कोचिंग के लिए स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी।

माली संस्थान जोधपुर ने पिछले वर्ष भी नई दिल्ली में समाज के चयनित 10 विद्यार्थियों को प्रशासनिक कोचिंग के लिए स्कॉलरशिप प्रदान की थी। जिसके तहत चयनित सभी 10 विद्यार्थियों को हॉस्टल के साथ ही अन्य सुविधाएं भी संस्थान द्वारा नई दिल्ली में उपलब्ध कराई गयी थी। अभी भी विद्यार्थी नई दिल्ली में अपनी पढ़ाई जारी रखें हुए है।

संस्थान के अध्यक्ष पुखराज सांखला ने बताया की प्रशासनिक क्षेत्र में समाज के चयनित विद्यार्थियों को लाभान्वित करने की भविष्य की योजना के तहत संस्थान द्वारा नई दिल्ली के पास गुड़गांव में अति आधुनिक हॉस्टल का निर्माण करवाया जा रहा है जहां विद्यार्थियों को हास्टल की सुविधा के साथ ही अति आधुनिक कम्प्यूटर एवं लाईब्रेरी भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

# माली समाज के विद्यार्थियों हेतु अति आधुनिक लाईब्रेरी का शुभारंभ


**कम्प्यूटर से सुसज्जित लाईब्रेरी में प्रोजेक्टर के साथ ही पर्सनलिटी डेवलोपमेन्ट, इंग्लिश एवं गणित हेतु विशेषज्ञों द्वारा क्लासेज**

जोधपुर। माली संस्थान जोधपुर द्वारा अखिल भारतीय महात्मा ज्योति बा फूले प्रशिक्षण केन्द्र के तत्वावधान में रामबाग परिसर में समाज के 100 विद्यार्थियों हेतु लाईब्रेरी का शुभारंभ किया जा रहा है।

माली संस्थान के अध्यक्ष पुखराज सांखला ने जानकारी देते हुए बताया कि जोधपुर संभाग के समाज के दसवीं एवं बाहरवीं पास विद्यार्थी जो कि अपनी ग्रेजुएशन जोधपुर से करेगें, उन्हें प्रवेश दिया जाएगा। उन सभी विद्यार्थियों को योग्यता के आधार पर पढ़नें की एनसीआरटी लेवल तक की इंग्लिश एवं गणित की विषयों की पढ़ाई भी विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा करवाई जाएगी। साथ ही विद्यार्थियों के सर्वागिण बोद्विक विकास के लिए सप्ताह के प्रत्येक रविवार को पर्सनलिटी डेवलोपमेन्ट की विशेष कक्षा का आयोजन भी किया जाएगा।

इस लाईब्रेरी में चयनित विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन की पढ़ाई के साथ ही आधुनिक शिक्षा की जानकारी हेतु विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिससे यह विद्यार्थी भविष्य में प्रशासनिक सेवा IAS, RAS, IFS के योग्य तैयारियों हेतु सफल हो सके। इस लाईब्रेरी में समाज के विद्यार्थियों से न्यूनत्तम शुल्क लिया जाएगा। लाईब्रेरी पूरी तरह से एयर कूल्ड होगी। साथ ही विद्यार्थियों की सुविधा के लिए इस तरह से तैयार की गई है कि सभी 8 से 10 घंटे तक निर्विघ्न पढ़ाई कर सकें। इसके साथ ही समय समय पर विषय विशेषज्ञों के द्वारा भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया जाएगा। समाज के विद्यार्थियों इस लाईब्रेरी में प्रवेश के लिए माली संस्थान, जोधपुर में संपर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते है।





युनियन अधिकार दिलाना कृषि अनुसंधान, जल संग्रह कर पीने एवं सिंचाई के लिये उपयोग में लेना। ऐसे आदर्श फुले ने स्थापित किये।

फिर समाज में व्याप्त कुरीतिया, रीति–रिवाज, फिजुल खर्ची, धार्मिक आड़म्बर, अंधविश्वास, शोशणमय नारकीय जीवन से छूटकारा दिलाने, साहित्य रचना करने का ऐसा उदाहरण फुले के अलावा इतिहास में मिलना कठिन है।

छत्रपति शिवाजी महाराज की समाधि को रायगढ़ के किले में खोजकर उनको महिमा मंडित करने हेतु अमर पवाड़ा लिखकर फुले की आश्चर्य जनक देन है।

फुले के आदर्शो का समाज आजादी के बाद बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर, जवाहरलाल नेहरू की डिस्कवरी ऑफ इंडिया, महात्मा गांधी के फुले वादी आदर्शों पर चलना, छत्रपति शाहू महराज द्वारा अपने राज्य में आरक्षण देना। पेरियार द्वारा फुले की जीवनी एवं कार्यो से समाज सुधार करना। काशीराम द्वारा बहुजनों को जागृत कर सत्ता एवं संगठन के लिये दबे, कुचले पिछड़े वर्गों को अधिकार सम्पन्न बनाना। अधिकार विहीन जातियों के लोगों को फुले के आदर्शों को समझकर उन्हें अपनाना। मानव समाज में सब को समानता से संगठन बनाने, सत्ता में भागीदारी करने समाज में जागृति लाने, महिलाओं को भी शिक्षित होकर पुरूषों के समान आगे बढ़ने जैसे आदर्श फुले की महान देन है। फुले दम्पत्ति को भारतरत्न पाने की सम्पूर्ण पात्रता है।

महात्मा जोजीराव फुले का 28 नवम्बर 1890 को परिनिर्वाण हुआ। हम उनके आदर्शो को अपना कर असली मानवता का जीवन जी सकते है।

**जय–ज्योति – जय क्रांति**

# दो दिवसीय माँ चामुण्डा, माता का थान मेले का भव्य समापन



जोधपुर। माँ चामुण्डा, माता का थान, मगरा–पूंजला, जोधपुर में पिछले दो दिवस से चल रहे भव्य माँ चामुण्डा मेले का भव्य समापन हो गया, जिसमें आस–पास के ग्रामीण क्षेत्र के साथ लाखों स्थानीय श्रद्धालुओं एवं भक्ति ने मेले का आनन्द लिया।

माँ चामुण्डा मंदिर के पुजारी चन्दनसिंह गहलोत ने बताया कि माँ चामुण्डा विकास समिति, माता का थान, पूंजला, जोधपुर के तत्वाधान में रामनवमी के शुभावसर पर आयोजित दो दिवसीय मेले की शुरूआत दिनांक 13.04.2019 को प्रातः 5.15 बजे महाआरती के साथ प्रारम्भ हुआ, जिसमें दो दिवसीय मेले में माँ चामुण्डा मंदिर प्रागंण में यज्ञ, हवन और कन्या पूजन कार्यक्रम हुए, साथ ही मेला प्रांगण में लगी दुकाने जिसमें झूले, आईसक्रीम, मिठाईयां, खिलौने, चाट, घरेलु सजावट सामान, रंग–बिरंगे कई मनोरंजक कार्यक्रम का मेले में आने वाले सभी महिलाओं, बुजुर्गो एवं बच्चों का लुप्त उठाया।

मेले में ब्लड डोनेशन कैम्प की भी व्यवस्था की गई थी, जिसमें कई लोगों ने जनहितार्थ ब्लड डोनेशन किया। संस्थान की तरफ से निःशुल्क पानी व अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की, जिसमें प्रशासन ने भी अपना सहयोग दिया। इस मेले में रामसागर, बासनी तम्बोलिया, चतुरावता बेरा, खेड़ियाला बेरा, मंदिरवाला बेरा, नवोड़ा बेरा, हिराला बेरा, बोड़िवाला बेरा आदि गैरे सम्मिलित हुई, जिसका माँ चामुण्डा सेवा समिति एवं देवड़ा मार्केट एसोसियेशन द्वारा शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा एवं जलपान के साथ भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम संयोजक जगदीश देवड़ा ने बताया कि आज के इस समापन समारोह में जोधपुर कांग्रेस लोकसभा प्रत्याक्षी वैभव गहलोत अपनी परिवार सहित पधारें और उन्होने माँ चामुण्डा के दरबार में माथा टेक अपनी जीत हेतु प्रार्थना की। इस अवसर पर पूंजला क्षेत्रवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया।

इस मेले में महेन्द्र सिंह परिहार, कालूसिंह गहलोत, अर्जुनसिंह परिहार, डूंगरसिंह गहलोत, जगदीश गहलोत, धर्मेन्द्र गहलोत, रामदयाल गहलोत, पृथ्वीसिंह गहलोत, चन्द्रसिंह गहलोत, भागीरथ परिहार, सुभाष गहलोत, युधिष्ठिर गहलोत, यश सोलंकी, सहित संस्थान के कई गणमान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति सहित सेवाएं दी।



## हार्दिक बधाई

**श्री जगदीश देवड़ा को जोधपुर फोटोग्राफर एसोसिएशन के सह सचिव निर्विरोध निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।**

**आप समाज के सभी कार्यक्रमों में निशुल्क अपनी सेवाएं वर्षो से दे रहे हैं यही नहीं माली सैनी संदेश परिवार में आप पिछले 18 वर्षों से निर्विघ्नं सेवाएं प्रदान कर रहे हैं हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।**

# समाज के परिवार को नकाबपोश पत्थरबाजों ने चुन–चुनकर बनाया निशाना दशहत में बिलखती रहं महिलाएं –बच्चियां, अभी तक नहीं मिला है न्याय

## दो दिन पूर्व की घटना में पुलिस की सहायता करने पर मनीष गहलोत बना निशाना

**महिलाओं बच्चों के साथ घर में घुसकर की मारपीट**

**घर में खड़ी गाडियों को जलाया**

**सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने नहीं ली सुध**

**अभी भी नहीं मिला है न्याय**





जोधपुर। रामनवमी शोभायात्रा के बाद 13 अप्रेल, शनिवार वापस सूरसागर की तरफ लौट रहे कुछ युवक नारे लगात निकले तो वहां कुछ शरारती तत्वों ने उन पर पथराव कर दिया। कुछ ही देर में जबरदस्त तनाव की स्थिति बन गई औन दोनों गुटों ने एक दूसरे पर पथराव किया। भीड़ ने मुख्य मार्ग स्थित दुकानों पर भी पथराव किया। वहीं कुछ लोगों ने समाज के एक मनीष गहलोत के परिवार के सदस्यों के साथ घर में घूस कर न केवल मारपीट की उनके घर में खड़ें वाहनों को तोड़ फोड़ करके आग के हवाले कर दिया। घर में सामाजिक आयोजन के चलते महिलाओं एवं बच्चों की काफी संख्या में उपस्थिति थी लेकिन उपद्रवियों ने घर में घूस कर जिस प्रकार महिलाओं एवं छोटी बच्ची के साथ मारपीट कर तोड़ फोड़ की घर के सभी लोगों ने ईधर उधर भाग कर अपनी जान बचाई। उपद्रवियों ने घर में खड़ें वाहनों को आग के हवाले कर दिया। पुलिस को सुचना देने के बाद कम संख्या में होने के कारण उपद्रवियों को कंट्रोल नहीं कर पाई।

उपद्रवियों ने पुलिस पर भी पथराव कर पुलिस कर्मियों को न केवल घायल किया उनके वाहनों के कांच भी फोड़ दिए। घटना दो दिन पूर्व हुई लड़ाई के बाद समुदाय विशेष के लोगों ने माली समाज के रहवासी इलाकों में इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया। पुलिस मूक दर्शक बन कर तमाशा देखती रहीं बाद में स्थिति को संभालने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल ने आकर डंडे फटकारें तब कहीं जा कर उत्पाती वहां से भागे।

ज्ञात रहे इस उपद्रव से दो दिन पूर्व मोटर साईकिल सवार के साथ मामूली कहासूनी होने पर समुदाय विशष के लोगों ने लड़कों को मारा व उनकी गाड़ी तोड़ दी इस घटना की सीसीटीवी रिकोर्डिग समाज के मनीष गहलोत के घर के बाहर लगे केमरे में रिकॉर्ड हो गई। मनीष गहलोत ने यह रिकॉर्डिंग पुलिस को सौंप दी इसके बावजूद पुलिस ने उत्पाती युवकों पर कार्यवाही नहीं की। जिससे समुदाय विशेष के युवकों का साहस बढ़ गया ओर उन्होंने मनीष गहलोत को धमकी दी तथा उसके घर में घूसकर उपद्रव मचाया। दो दिन पूर्व ही रामनवमी समिति के सदस्यों ने पुलिस को आगाह कर दिया था लेकिन इसके बावजूद पुलिस ने उत्पाती युवकों पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की समिति के सदस्यों ने पूर्व में ही सूचना दे दी थी की इनके घरों की छतों पर बियर की बोतलें, पत्थर इक्ठठे कर रखे है तथा यह अनेकों बार उत्पात करते है लेकिन पुलिस की कठोर कार्यवाही नहीं होने के कारण उत्पाती युवकों ने एक बार फिर क्षेत्र में समाज के लोगों को निशाना बना कर उनके साथ मारपीट कर उनके घरों में घूसकर वाहनों को आग के हवाले कर दिया। यहीं नहीं पुलिस ने उत्पाती युवकों को न पकड़ कर समाज के बेकसूर युवकों को घरों से निकाल कर थाने में ले जा कर मारपीट की तब घटना के विरोध में राजनेतिज्ञ पार्टी के नेताओं ने पुलिस स्टेशन के बाहर धरना प्रदर्शन किया तब कही जाकर पुलिस ने निंदोष युवकों को आधी रात को छोड़ा।

मनीष गहलोत ने बताया कि घटना की पुलिस रिपोर्ट दर्ज करवाने के बावजूद पुलिस ने अभी तक ठोस कार्यवाही नहीं की है। अनेकों बार पुलिस अधिकारियों से निवेदन किया है कि वो जल्द उपद्रवियों को पकड़ कठोर कार्यवाही करे। मनीष गहलोत के परिवार के लोग घर में स्वयं को कैद कर दिन रात पुलिस के पहरे में अपनी जान बचाने का यत्न कर रहे है। मनीष गहलोत ने बताया कि अगर जल्द कठोर कार्यवाहीं नहीं की जाती है तो उसे एवं परिवार को मजबूरन वहां से घर खाली करके दूसरी जगह जाना होगा। इस घटना के अनेकों दिन बीत जाने के बाद भी समाज की संस्थाओं के पदाधिकारियों ने इस परिवार की सुध अभी तकी नहीं ली है जिससे परिवार के साथ समाज के सभी वर्गो में भारी रोष व्याप्त है। परिवार के सदस्य किशन सिंह गहलोत ने बताया कि वे सामाजिक संस्थाओं से वर्षो से जुड़ें हुए है तथा नथमल गहलोत चैरेटिबल ट्रस्ट के माध्यम से समाज को लाखों रूपये की आर्थिक सहायता प्रति वर्ष करते है लेकिन उनके परिवार के उपर जब यह हृदय विदारक घटना हुई तब समाज की संस्थाओं के पदाधिकारियों ने उनके परिवार को नहीं संभाला और न ही घटना के विरोध में पुलिस एवं प्रशासन पर किसी प्रकार का ज्ञापन देकर उपद्रवियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की। परिवार की महिलाओं के साथ छोटी बच्ची का इंटरव्यू जब मिडियाकर्मियों ने लिया तो सभी फफक फफक कर रो पड़ें मिडिया कर्मी भी इस घटना से आहत दिखे।

**कब होगा न्याय**

**रामनवमी जुलूस में हुए दंगे में मेरे घर पर मुस्लिम समुदाय द्वारा आगजनी व पत्थर बाजी की गयी उसकी मैंने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज की अभी भी अभियुक्त खुले घूम रहे हैं अपना राजनीतिक रसूख का लाभ ले रहे हैं एवं साथ ही पुलिस का भेदभाव पूर्ण रवैया मुझ पर अलग–अलग धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है एवं उल्टा मुझे ही पाबंद किया है प्रशासन मेरी अनदेखी कर रहा है। सरकार एक तरफा काम कर रही है और हमें न्याय नहीं मिल रहा है जबकि अभी सरकार की चुनावी थीम है – अब होगा न्याय**

– मनीष गहलोत, पीड़ित सूरसागर निवासी

## डॉ दुर्गा शंकर सैनी बनें IMA के प्रदेश उपाध्यक्ष



कोटा। श्री मंगलेश्वर महादेव व्यायामशाला छावनी के पहलवानो ने डॉ दुर्गा शंकर सैनी के इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष निर्वचित होने पर अखाड़ा परिसर में आतिशबाजी कर भव्य स्वागत अभिनंदन किया। श्री मंगलेश्वर महादेव व्यायामशाला, छावनी के फिजियो ट्रेनर व मुख्य सालाहकार सामाजिक कार्यकर्ता सम्मानीय डॉ दुर्गा शंकर सैनी के भारत के सबसे बड़े चिकित्सक संगठन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन राजस्थान (IMA) के प्रदेश उपाध्यक्ष निर्वचित होने पर आखाड़े के पहलवानो द्वारा मिठाइयों बाटकर आतिशबाजी साफा धारण करा अभिनंदन किया।डॉ सैनी हमारे आखाड़े व कोटा के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता है।

इस अवसर पर डॉ दुर्गा शंकर सैनी ने अखाड़े के गुरु श्री नाथूलाल पहलवान से आशीर्वाद लिया और कहा कि राजस्थान में डॉक्टर्स, आमजन, राज्य सरकार के मध्य सामंजस्य स्थापित कर चिकित्सको की समस्यों के साथ साथ आम जनो के हितों के लिए सतत संघर्ष जारी रखेंगे चिकित्सा के क्षेत्र में नए नए अनुसान्धन पर मुख्य फोकस रहेगा और सरकार से आम गरीबो मरीजो के हित मे नीतियां बनाने के लिए आग्रह करेगे। इस अवसर पर आखाड़े के गुरु नाथूलाल पहलवान ने कहा कि डॉक्टर्स के संघ में सबसे युवा चिकित्सक है जो इस पद पर निर्वाचित हुये है इनका श्रीमंगलेश्वर व्यायाम शाला में वर्षो से अतुलनीय योगदान रहा है

इस अवसर पर गुरु नाथूलाल पहलवान,कवि ओम प्रकाश ,पार्षद जगदीश मोहिल, अध्यक्ष राजू टाँक, पुष्पलता, भानु पहलवान, डॉ अभिमन्यु, रोहित खरनिवाल, शोभराज पहलवान सहित अखाड़े से जुड़े सेकड़ो प्रभुदजन व पहलवान उपस्थित रहे।

## जुगलकिशोर सैनी एवं जितेंद्र मावर बनें अध्यक्ष

हरदा। महात्मा ज्योतिबां फुले माली समाज मध्य प्रदेश अध्यक्ष श्री नितेश राजौरिया जी ने संरक्षक श्री रामचंद्र जी सैनी एवं संयोजक श्री हुकुम चंद जादम जी की सहमति से महात्मा ज्योतिबां फुले माली समाज मध्य प्रदेश की कार्यकारिणी में युवा समाजसेवी श्री जुगल किशोर सैनी जी को हरदा जिला अध्यक्ष एवं श्री जितेंद्र मावर जी को रतलाम जिला अध्यक्ष नियुक्त किया आशा है आप माली समाज के पित्तृ पुरुष महात्मा ज्योतिबां फुले जी के पद चिन्हों पर चलते हुए माली समाज की एकता अखंडता के लिए सतत कार्य करते रहेंगे।

इस अवसर पर श्री संदीप जग्दी देवेंद्र बारवाल ललित भिटरवाल शांतिलाल सैनी कमल बामनोसिया विजय पालडिया महेश बारवाल पवन राजौरिया सतीश बाम्डोसिया चंदू टांक नितिन सांखला महेश माली दिनेश विदा पटेल राजेश माली पप्पू कछावा एवं समस्त माली समाज जनों एवं संगठन कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी

## शीतला माता मेलें में उमड़ें समाज के सभी वर्ग



सोजत। माली समाज होली व शीतला माता महोत्सव को लेकर समाज द्वारा किले व शीतला माता मेले में भव्य गैर निकाल कर भारतीय परंपरा व संस्कृति को जीवित रखने में भरपूर योगदान दिया। माली समाज बड़ा वास के चौधरी संपत राज टांक पावटी का बास के चौधरी तारा चंद सैनी मेहंदी वाले नयापुरा के चौधरी केवल चंद जी टाक इन सभी अपनी अपनी हताई से अलग अलग गैरे निकालकर राजस्थानी वेशभूषा में बढ़–चढ़कर जोर शोर से मेले मे गैरों का प्रतिनिधित्व किया गया। संपूर्ण शहर वासियों ने माली समाज की गैरों का पुष्प वर्षा से स्वागत अभिनंदन किया गया।

प्रशासन द्वारा भी गैरों को मान सम्मान देकर सम्मानित किया गया।यह शीतला माता का मेला पश्चिमी राजस्थान का सबसे बड़ा मेला जाना जाता है इस मेले में इस साल कम से कम 250000 श्रद्धालु पहुंचे। मेले मे तरह–तरह की व्यंजनों की दुकानें खिलौने की दुकान, विभिन्न प्रकार के झूले हाट बाजार मनियारी बाजार लोह बाजार और पार्लर बाजार से भी मेला सजाया। मेले का मुख्य आकर्षण बड़े झूले वह गैरे रही। यह मेला 8 दिन तक भरा जाता है। इस मेले के लिए कलेक्टर द्वारा भी अवकाश घोषित किया जाता है।

समाज के सभी पंच चौधरी व गैरीयो वह स्वजातीय बंधुओं ने बढ़–चढ़कर होली व शीतला माता मेले का आनंद लिया।





# अजमेर माली समाज के 14 वें सामुहिक विवाह सम्मेलन की गणेशजी की प्रसादी व कन्या दान उपाहार वितरण सम्पन्न






अजमेर। जिला माली(सैनी) सामुहिक विवाह सम्मेलन समिति के तत्वधान मे हाल मे हुये 14 वां सामुहिक विवाह सम्मेलन 08 मार्च को आजाद पार्क मे सफलता पूर्वक समपन्न होने पर श्री गजानंद जी महाराज की प्रसादी तथा समाज द्वारा प्राप्त कन्या दान राशि से उपहार–वितरण कार्यक्रम आज मनुहार गार्डन,सात पिपली,आर्दश नगर मे सम्पन्न हुआ।इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि श्री त्रिलोक चन्द्र इन्दौरा थे।इस अवसर पर सामुहिक विवाह समारोह सफलता पुर्वक सम्पन्न होने पर समिति को बधाई दी। अध्यक्षता कन्हैया लाल दग्दी ने की।

विशिष्ठ अतिथियो मे हनुमान प्रसाद कच्छावा, टिकम चन्द्र टांक, चांद मल टांक, सेवाराम चौहान, कांवर लाल सौलंकी प्रमुख थे। इस कार्यक्रम मे समाज बंधुओं ने होली स्नेह–मिलन समारोह भी बनाया जिसमें महेन्द्र चौहान, कमला महावर ने होली पर फाग गाया, पुजा माली, आयुशी,ने नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही इससें पुर्व समिति की साधारण सभा की कार्यवाही की पुष्टि की गई। जिसमे समाज का अगला सामुहिक विवाह सम्मेलन की तिथि, रूपरेखा पर विचार–विमर्श किया गया। कार्यक्रम मे सभी 10 जोडें को वाशिंग मशीन व सिलाई मशीन उपहार भेंट की। इस मौके पर उनके माता–पिता, परिवार सहित उपस्थित थे। मंच का संचालन माकन मारोठिया ने किया।

समिति के सभी कार्यकर्ता का सम्मान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष धीसु गढवाल, सुरेन्द्र चौहान, प्रदीप कच्छावा, मुरलीधर चौहान, रूप चन्द्र भाटी, सुगन चन्द्र उवाना, नेमीचंद बबेरवाल, सेवा राम चौहान, पुनम चन्द्र चौहान, गोपी जादम, यशोदा नंदन चौहान, रमेश कच्छावा, बाबू लाल सांखला, ओम प्रकाश चौहान, नौरत कच्छावा, राम नारायण भाटी, भागवान स्वरूप भाटी, करण बनिष्ठीयां, खुश्बु भाटी, पुनम मारोठिया, ओम नारायण पालरिया, शंकर टांक, गोरधन सिंह चौहान, राजकिशोर सांखला, शैलेंद्र सतरावला, ब्रजेश पंवार, कैलाश भाटी,सोहन लाल तुनवाल,मोती सिंह सैनी, श्रीमति मनोरमा परिहार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।





## महासभा के युवा अध्यक्ष निर्मल सोलंकी का हुआ निधन

### समाज में शोक की लहर



जोधपुर। 29 अप्रेल, 19 की रात्रि को समाज के युवा समाजसेवी एवं सभी के प्रिय निर्मल सोलंकी का ट्रेन हादसे में निधन हो गया। निर्मल सोलंकी समाज माली महासभा के जोधपुर जिलाध्यक्ष थे तथा समाज के युवाओं के चहेते थे हर दम चेहरे पर मुस्कार एवं सभी के साथ मित्रवृत सहयोग की भावना से सभी के दिलों में राज करने वाले निर्मल के निधन से हर कोई सकते में आ गया। अभी एक दिन पहले की सुमेर स्कूल प्रांगण में निर्मल अशोक जी की मिटिंग के लिए सभी का सहयोग कर रहा था यहीं नहीं वो चुनाव वाले दिन अशोक गहलोत के सुपुत्र वैभव गहलोत के लिए कैंपेनिंग भी कर रहे थे। लेकिन 29 की रात को अचानक जब यह खबर आई तो हर किसी को विश्वास नहीं हुआ। सभी ने एक दूसरे को फोन कर घटना की जानकारी ली इसके बाद सोशियल मिडिया निर्मल मय हो गया पूरे फेसबुक में करीब 600 से 700 पोस्टों में समाज के युवा निर्मल के निधन पर सभी वर्गो ने शोक प्रकट किया। उनकी अंतिम यात्रा में समाज के सभी वर्गो ने भाग लिया। निर्मल के तिसरे एवं बाहरवें के संयुक्त उठावणे में समाज के प्रबुद्वजनों के साथ अनेकों सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने व्यक्तिगत उपस्थित होकर एवं शोक संदेश के माध्यम से निर्मल के निधन पर शोक प्रकट करते हुए उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की। निर्मल सोलंकी के परिवार में एक सुपुत्री एवं सुपुत्र है उनके दोनों भाईयों, माता पिता एवं धर्मपत्नी को यह बहुत बड़ा आघात लगा है।

निर्मल सोलंकी पावटा सेटेलाईट हॉस्पीटल में मेल नर्स पर संविदाकर्मी लगे थे तथा हमेशा एक फोन कॉल पर किसी भी बिमार व्यक्ति की सेवा के लिए आ जाते थे। इसके साथ ही सोशल मिडिया पर भी बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं अभियान चला रहे थे। निर्मल ने सामाजिक संस्थाओं में समाज के युवा वर्ग को जोड़नें के साथ सामाजिक आयोजनों में भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया था उनकी पुरी टीम हमेशा सामाजिक आयोजनों में कार्य करती थी। आप गौसेवा के रूप में कामधेनु सेना से भी जुड़े हुए थे। समाज के साथ ही जोधपुर ने समाजसेवा के प्रायः युवा निर्मल सोलंकी को खोया है जिसका रिक्त स्थान भरना मुश्किल है।

माली सैनी संदेश परिवार ईश्वर से प्रार्थना करता है कि निर्मल की दिवगंत आत्मा कों चिर शांति प्रदान कर अपने श्री चरणों में स्थान दे साथ ही परिवार को यह असीम दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## फिलीपींस में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी अपूर्वी सैनी



सहारनपुर। सहारनपुर में जन्मी हाल ही में रूबरू फेस ऑफ इंटरनेशनल इंडिया 2019 का खिताब जीतने वाली अपूर्वी सैनी अब फिलीपींस में फेस ऑफ ब्यूटी प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। अर्पूवी की ओर से उनके परिजन जे. डी. कौशन सैनी ने यह जानकारी दी।

सैनी ने बताया कि अर्पूवा अपनी जन्मभूमि सहारनपुर से खासा लगाव रखती है। अर्पूर्वी ने 19 साल की आयु में मॉडलिंग से करियर की शुरूआत की और 21 की आयु में रूबरू मिस इंडिया एलीट 2019 का खिताब जीता। इससे पूर्व भी अपूर्वी ने कई खिताब जीते।

वर्तमान में वह चैन्नई में एम. आर. एम. यूनिवर्सिटी में बी. टेक की छात्रा है। उन्हें एक्टिंग, सिंगिग, डांसिंग के अलावा लिखना पंसद है। सामाजिक कार्यकर्त्ता के तौर पर भी अपूर्वी कार्य कर चुकी है। जैसे कि सैनेटरी नैपकिन बांटना, केरल के लिए फंड जुटाना। रूबरू मिस इंडिया एलीट जीतने के बाद अपूर्वी अब फिलीपींस में फेस ऑफ ब्यूटी का ताज जीतकर माता पिता के साथ देश को गौरवान्वित करना चाहती है।

## भावना माली का भारतीय महिला सॉफ्टबॉल टीम में हुआ चयन

पाली। भारतीय महिला सॉफ्टबॉल टीम में पाली की युवा भावना माली का चयन हुआ 1 से 7 मई तक जकार्ता इंडोनेशिया में होने वाली एशियन चौंपियनशिप महिला वर्ग की टीम में भावना शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगी।

भावना का भारतीय टीम में चयन होने पर जिला सॉफ्टबॉल संघ के पदाधिकारियों ने स्वागत कर शुभकामनाएं दी संघ के अध्यक्ष हेमशंकर शर्मा ने बताया कि भावना इस खेल के प्रति काफी रुचि रखती है वह राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त कर चुकी है। अभी हाल ही में जनवरी माह में आयोजित सीनियर महिला सॉफ्टबॉल़ प्रतियोगिता नागपुर में आयोजित हुई थी जिसमें भावना के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर यह मुकाम प्राप्त किया।

भावना के भारतीय टीम में सलेक्शन होने पर विधायक ज्ञानचंद पारीक, चेयरमैन महेंद्र बोहरा, संघ के नारायण सिंह राजपुरोहित, कमला भाटी, लक्ष्मण सिंह गहलोत, मूल सिंह भाटी, लेखराज शर्मा, विजय सिंह, भंवर लाल, अंजू गुप्ता, रवी परिहार, मनदीप सिंह सहित अन्य खेल प्रेमियों शुभकामनाएं दी संघ के सचिव ने बताया कि भावना दिल्ली में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग लेगी जहां राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के कोच भावना को प्रशिक्षण देंगे इसके बाद 30 अप्रैल को जर्काता के लिए रवाना होगी।

# सीएम से भेंट कर राठोड़ी कुंआ स्कूल क्रमोन्नत करने की मांग





नागौर। माली सैनी कर्मचारी विकास समिति नागौर के 40 सदस्यों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने जयपुर सीएमओ में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की। अध्यक्ष आनंदसिंह कच्छवाह ने बताया कि जयपुर में आयोजित ओबीसी सम्मेलन में नागौर से रमेशचंद्र सोलंकी, बजरंग सांखला, डॉ. अर्जुनराम सांखला, रामनिवास भाटी ने सीएम के समक्ष अपनी बात रखते हुए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। सचिव राजेन्द्र पंवार, मनफूल सैनी, कृपाराम गहलोत, संरक्षक डॉ. शंकरलाल परिहार ने सीएम को संत शिरोमणि लिखमीदास जी महाराज का चित्र भेंट किया। डांग विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सेवानिवृत आईएएस सत्यनारायण सैनी ने अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचने को कहा।

समिति के पन्नालाल सांखला, राधाकिशन सैनी, कालूराम पुखराज देवड़ा व रामकुमार भाटी ने मुख्यमंत्री को अमरपुरा धाम के बारे में बताया। महावीर प्रसाद तंवर, श्रवण कुमार भाटी व नरसीराम सांखला ने नागौर में ताऊसरा रोड़ पर बन रहे माली समाज छात्रावास व निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं की कार्य योजना के बारे में बताते हुए आगामी समय में इसके उद्घघाटन के लिए मुख्यमंत्री को निमंत्रण दिया। समिति की ओर से सौपें गए ज्ञापन में नागौर जिला मुख्यालय पर छात्रों के लिए एकमात्र उच्च माध्यमिक विद्यालय होने की दृष्टिगत रखते हुए राठोड़ी कुंआ को उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने वैभव गहलोत एवं राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी निदेशक डॉक्टर बजरंगलाल सैनी से भेंट की। इस अवसर पर रामकिशोर, चांदमल, सुरेंद्र टाक, विनोद, हुक्मीचंद गहलोत, सज्जन, नरेश सैनी, चैनाराम, प्रमोद, अविनाश, हरीकिशन, रामललाल, विमलेश, अर्जुन, गौत्तम, रूपकिशोर भाटी एवं मनीष भाटी आदि मौजूद थे।

# काजल सैनी का वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में हुआ चयन



रोहतक। चीन तथा जर्मनी में होने वाली आईएसएसएफ वर्ल्ड कप के लिए रोहतक की बेटी राइफल शूटर काजल सैनी का चयन भारतीय टीम में किया गया है चौथी रैंक प्राप्त काजल वर्ल्ड कप के थ्री पोजीशन राइफल इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी चीन के बीजिंग शहर में यह वर्ल्ड कप टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा।

जबकि जर्मनी के बीच शहर में इसका आयोजन 24 से 30 मई तक होगा स्थानीय सैनिक पूरा कॉलोनी निवासी काजल सामाजिक संगठन रेडी टू हेल्प के संस्थापक विजय सैनी की सुपुत्री है काजल के कोच ओहल्याण शूटिंग एकेडमी के संचालक मनोज कुमार ने बताया कि काजल ने फरवरी में दिल्ली में हुए आईएसएसएफ वर्ल्ड कप की टीम में खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया उसके इस प्रदर्शन को देखते हुए भारतीय टीम में उसका चयन हुआ उम्मीद है वर्ल्ड कप में भी इससे अच्छा प्रदर्शन करते हुए काजल समाज एवं देश को गौरवान्वित करेगी।

काजल का भारतीय टीम में चयन होने से परिजनों में खुशी का माहौल है काजल के पिता ने कहा की काजल की इस उपलब्धि से घर में उत्साह व आनंद का आलम है चीन में होने वाले दोनों ही वर्ल्ड कप में विश्व भर के टॉप शूटर हिस्सा लेगें। लेकिन उन्हें विश्वास है कि काजल का प्रदर्शन अच्छा रहेगा उन्होंने बताया कि काजल फिलहाल दिल्ली के कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में वर्ल्ड कप की तैयारी कर रही है काजल की माता सुनीता सैनी का कहना है कि भारतीय टीम में चयनित होने के लिए उसकी बेटी में काफी मेहनत की और वह आश्वस्त है कि काजल वर्ल्ड कप में मेडल जीतकर देश का नाम रोशन करेगी।

**काजल ने जीते थे 6 मैडल** :– पिछले 2 सालों से नेशनल चौंपियनशिप के राइफल शूंटिग इवैंट के सीनियर वर्ग में हरियाण की तरफ से सर्वाधिक मेडल जीतने वाली महिला खिलाड़ी है। पिछले साल नवंबर में केरला 62वीं नेशनल चैम्पियनशिप 2018 में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए काजल ने तीन गोल्ड 1 सिल्वर कथा दो ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं थे। इससे पूर्व दिसंबर 2017 में हुई नेशनल शूटिंग चौंपियनशिप में भी इस युवा शूटर ने तीन मेडल जिनमें एक गोल्ड और दो ब्रॉन्ज मेडल जीते थे इसके अलावा काजल ने पिछले साल जयपुर में संपन्न हुई ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी शूटिंग चौंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था जिसके आधार पर उनका चयन मलेशिया हुई वर्ल्ड यूनिवर्सिटी शूटिंग चौंपियनशिप के लिए भी किया गया था।

# गुरनाम सैनी को फिर मिली सभा की चौधर, दूसरी बार बने प्रधान



कुरूक्षेत्र। सैनी समाज सभा के चुनाव में गुरनाम सैनी उदारसी को एक बार फिर सैनी समाज सभा की चौधर मिली है। गुरनाम सैनी दूसरी बार तीन साल के लिए सभा के प्रधान चुन लिए गए। पहली बार सर्वसम्मति से उन्हें प्रधान चुना गया था। इस बार चुनाव जीतकर दूसरी बार सभा की जिम्मेदारी उन्हें मिली।

सभी 116 कॉलेजियम ने चुनाव में हिस्सा लिया। इसमें से एक वोट रद्द हुई। गुरनाम सैनी ने एकतरफा मुकाबले में 115 में से 103 मत हासिल कर जीत दर्ज की। वहीं उनके मुकाबले में खड़े राजेश कुमार को 12 वोट मिले। वहीं वरिष्ठ उप प्रधान पद पर लछमणदास सैनी ने 83 वोट हासिल की। जबकि उनके विरोधी श्यामसुंदर जोगीमाजरा को 32 वोट मिले। उपप्रधान पद पर 92 मतों के साथ सतीश सीवन विजयी रहे। जबकि उनके विरोधी सुखदेव सिंह को 24 वोट हासिल हुए। सचिव पद पर लगातार दूसरी बार कुशलपाल सैनी ने 87 वोट लेकर जीत हासिल की। वहीं विरोधी करनैल सिंह खेड़ी ब्राह्मणा को 29 मत प्राप्त हुए। सहसचिव पद पर कुरुक्षेत्र निवासी रामस्वरूप और कोषाध्यक्ष पद पर दर्शनलाल सैनी सर्वसम्मति से चुने गए।

सैनी समाज सभा के चुनाव में प्रधान से लेकर सभी पदों पर गुरनाम सैनी के पैनल ने जीत दर्ज की। गुरनाम के पैनल को जहां उगता सूरज चुनाव चिन्ह मिला था। वहीं प्रधान पद के दूसरे प्रत्याशी अग्रसेन चौक कुरूक्षेत्र निवासी राजेश कुमार को छतरी का चुनाव चिन्ह मिला था। प्रत्येक पद पर उगता सूरज चुनाव चिन्ह वाले उम्मीदवार ने जीत दर्ज की। जबकि छतरी चुनाव चिन्ह के साथ प्रधान सहित अन्य किसी पद पर कोई पदाधिकारी जीत दर्ज नहीं कर सका।

समाज को शिक्षित करने का करेंगे प्रयासः सभा के प्रधान चुने गए गुरनाम सैनी ने कहा कि जो जिम्मेदारी समाज ने उन्हें दी है पूरी कार्यकारिणी समाज क सहयोग से बेहतरी का प्रयास करेगी। विशेषतौर पर समाज को एकजुट रखने और कुरीतियों का यत्म करने का प्रयास सभा का रहेगा। समाज पुरी तरह शिक्षित हो, इसके लिए सभा अपने स्तर पर प्रयास करेगी। इस अवसर पर पूर्व सांसद गुरदयाल सैनी, गुरनाम सिंह गजलालना, सुभाष सैनी, धुराला, डॉ ओमप्रकाश सैनी, पूर्व प्रधान बलजीत सैनी, करनेली सिंह सरपंच हरिपुर, सुरेशपाल अलरावर, रणसिंह अजरावर, छत्रपाल प्रतापगढ़, बाबूराम कैथल, वीरभान सैनी, कैथल सैनी समाज प्रधान धर्मवीर सैनी, मुकेश सैनी, सूरजीत सैनी, सुभाष कसीथल और नायमसिंह माजरा मौजूद थे।

# खंडार में आयोजित सामूहिक विवाह में 31 जोड़ें बंधे परिणय सूत्र में

खंडार में माली समाज के तत्वावधान में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन रविवार देर रात पाणिग्रहण संस्कार व विदाई समारोह के साथ संपन्न हुआ।

इस दौरान समाज के 31 जोड़े परिणय बंधन में बंधे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंडार विधायक अशोक बैरवा थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि अशोक बैरवा ने वर वधुओं को आशीर्वाद प्रदान कर उनके सुखमय दाम्पत्य वैवाहिक जीवन की मंगल कामना करते हुए सम्मेलन समिति के आयोजकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

**उपहार भेंट किए**

इस मौके पर समाज द्वारा सभी वर वधुओं को अनेक तरह के उपहार एवं वधुओं को आभूषण भेंट किए गए। सम्मेलन में राजस्थान तथा मध्यप्रदेश सहित दूर दराज के स्थानों से भारी संख्या में माली समाज के लोगों ने भाग लिया।

**उल्लेखनीय कार्य करने वालों का किया सम्मान**

सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के प्रवक्ता एवं सोशल मीडिया प्रभारी महेंद्र सैनी ने बताया कि सम्मेलन समाप्ति के बाद सम्मेलन में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सभी कार्यकर्ताओं का समाज द्वारा साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद ठाकुरजी को सम्मेलन स्थल से यथा स्थान मंदिर पर बैंडबाजों के साथ पहुंचाया गया। इस दौरान कार्यकर्ता नाचते गाते हुए चल रहे थे। इस मौके पर सम्मेलन समिति के अध्यक्ष श्योराम माली माली, उपाध्यक्ष फूल्या माली, कोषाध्यक्ष गोपाल माली, संरक्षक रामजीलाल सैनी एवं सैनी समाज खंडार के अध्यक्ष रमेश सैनी, सोनू, हनुमान, प्रकाश, बनवारी, महेंद्र सहित समाज के अनेक लोग मौजूद थे।

# रजनी खडोलिया व मनु सैनी को एफएम ने किया सम्मानित




जयपुर। बधिर बच्चों के लिए किए गए सामाजिक कार्यों के लिए किया गया सम्मानित। फेयर एंड लवली के द्वारा प्रस्तुत होटल हॉलिडे इन मे हुए 95 एफएम तड़का वीमेन रिकॉग्निशन अवार्ड – सीजन 7 (डब्ल्युआरए) मे देश मे अपनी विशेष पहचान बनाने वाली शहर की महिलाओं को पाँच केटेगिरी में सम्मानित किया गया।

बहुत से लोगों ने अपना नाम नोमिनेट किया जिसमे प्रत्येक व्यक्ति की उम्मीद की संस्थान अध्यक्ष रजनी खडोलिया को FM तड़का के द्वारा Heart of Gold अवार्ड मिला। जिसमें अध्यक्ष रजनी खडोलिया व फाउंडर मनु सैनी को उनके द्वारा किये जा रहे दिव्यांग बच्चों के शिक्षा व सर्वांगीण विकास के कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। संस्थान की अध्यक्ष रजनी खडोलिया व फाउंडर मनु सैनी ने बताया कि हमे इस अवार्ड को लेते हुए बहुत ही हर्ष की अनुभूति हो रही है आज हमें इस संस्थान को चलाते हुए तीन वर्ष पूरे हो चुके आम जनता के सहयोग के बिना ये सब कर पाना नामुमकिन था, आगे भी हम अपना बेहतरीन करते रहेंगें ओर हमारा असली अवार्ड है आप सबका विश्वास प्यार व साथ है।

# माली सैनी संदेश के आजीवन सदस्यता सूची

श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासुदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री मोहनलाल पुत्र श्री रतनाजी परमार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री मांगीलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली,(पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा

श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार, श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल, श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर

श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिंया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरंवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, कुड़ी फार्म, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी

# जोधपुर में फ्यूचर प्लस क्लासेज का भव्य आगाज





जोधपुर। जोधपुर में सभी प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अमृतलाल सांखला (आर.ए.एस.भर्ती 2012 चयनित) के मार्गदर्शन, डॉ. यशवन्तराज गहलोत द्वारा संचालित फ्यूचर प्लस क्लासेज का मानजी का हत्था,पावटा में भव्य आगाज हुआ। शिक्षाविद,प्रशासनिक अधिकारी एवं समाज के गणमान्य बन्धु उपस्थित रहे।

अमृतलाल सांखला ने बताया कि आजकल कोचिंग क्षेत्र इंडस्ट्री का रूप बन गया है,ऐसे में विज्ञापनों एवं विपणन कियाकलापों पर मोटे खर्च ने शिक्षा की गुणवता,सेवा और समपर्ण के भाव को गौण बना दिया है। ऐसे सर्वाधिक क्षति ग्रामीण परिवेश के युवा को हुई,जो मोटी रकम खर्च करने के बाद भी गुणवतापूर्ण पढ़ाई से वंचित रह जाते है और अपने कैरियर का प्राईम टाईम कोचिंग संस्थानों के चयन/समीक्षा में व्यथित हो जाता है। ऐसे में सरकारी सेवा में चयन के बाद भी कोचिंग इंडस्ट्री में गुणवता और सेवाभाव स्थापित करने के उद्देश्य से फ्यूचर प्लस का विचार अंकुरित हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षाविद् ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रेमचन्द सांखला ने फ्यूचर प्लस क्लासेज को जॉब एडवांसमेन्ट के लिए बेहतरीन विकल्प बताया है उन्होने फ्यूचर प्लस टीम को एक स्ट्रॉंग टीम बताया तथा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह मे इनके अलावा प्रकाशचन्द सैनी(सहायक सचिव राज. विधानसभा) ,ऊंकारराम कच्छावाह (अध्यक्ष राजस्थान माली महासभा) इमरान खान (चयनित आर.ए.एस.2016), माधोसिंह कच्छावाह (अध्यक्ष सावित्री बाई फुले शिक्षण संस्थान जयपुर), नरपत सिंह कच्छावाह (प्रभारी भारत सेवा संस्थान),अनिल कुमार (लिम्का बुक अवार्डी) भरत देवड़ा (प्रो. JNVU), अल्पुराम (प्रधानाचार्य),ताराचन्द भाटी (आर.ए.एस.), शंकरलाल गहलोत (अध्यक्ष माली समाज सोजतरोड़) बाबुलाल सांखला, सम्पतराज सैनी, मिसाराम सांखला (पुर्व पार्षद) सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहें।

श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिंवरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,
श्री घनश्याम झुमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर
अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन, पुष्कर
श्री सुगनाराम पुत्र श्री बुधाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री पारसराम पुत्र श्री जयसिंह सोलंकी, जोधपुर
श्री रूपचंद पुत्र श्री भंवरलाल मरोठिया, पुष्कर
श्री धनाराम पुत्र श्री जुगाराम गहलोत,सालावास, जोधपुर
श्री कृपाराम पुत्र श्री आईदान सिंह परिहार, चौखा,जोधपुर सरपंच श्री रामकिशोर पुत्र श्री हप्पाराम टाक, बालरवां
श्रीमती अंजू(पं.समिति सदस्य), सुपुत्री श्री ढ़लाराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री केवलराम पुत्र श्री शिवराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री रामेश्वर पुत्र श्री सवाई राम परिहार, मथानियां
सरपंच श्रीमती मिनाक्षी पत्नी श्री चद्रसिंह देवड़ा, मथानियां
सरपंच श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री खेताराम परिहार, तिंवरी
श्री अचलसिंह पुत्र श्री रूपाराम गहलोत, तिंवरी
श्रीमती रेखा(उप प्रधान) पत्नी श्री संजय परिहार, मथानियां
श्री चैनाराम पुत्र श्री माणकराम देवड़ा, मथानियां
श्री अरविंद पुत्र श्री भंवरलाल सांखला, मथानियां
श्री उम्मेद सिंह टाक पुत्र स्व. सेठ श्री कनीराम टाक, जोधपुर
श्री गिरधारीराम पुत्र श्री राजुराम कच्छवाहा, खींवसर
श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह गहलोत
श्री मदनलाल (ग्राम सेवक) पुत्र श्री सोमाराम गहलोत, मथानियां
श्री लिखमाराम सांखला पुत्र श्री छोटुराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
सरपंच श्रीमती संजू पत्नी श्री हुकमाराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
श्री श्यामलाल पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, मथानियां त. तिंवरी
श्री खेताराम सोलंकी, लक्ष्मी स्टोन कटिंग, पीपाड़ शहर
श्री गोबरराम पुत्र श्री हरीराम कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री शंभु पुत्र श्री मूलचंद गहलोत, अजमेर
श्री रामनिवास पुत्र श्री पूनाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धर्माराम सोलंकी, सोलंकी खाद बीज, जोधपुर
श्री धनराज पुत्र श्री राणाराम सोलंकी, पीपाड़ शहर
श्री संपतराज पुत्र श्री बाबूलाल सैनी, पीपाड़ शहर
सी. ए. श्री महेश पुत्र श्री आनंदीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमान सिंह गहलोत, हनुमान टेंट हाऊस, जोधपुर
श्री मयंक पुत्र श्री दीनदयाल देवड़ा, जोधपुर
श्री नित्यानंद पुत्र श्री धनसिंह सांखला, जोधपुर
श्री महेश पुत्र श्री अमरसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री कैलाश पुत्र श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर,
श्री भारतसिंह पुत्र श्री लिखमाराम कच्छवाहा, जोधपुर
श्री संदीप पुत्र श्री नृसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री धमेन्द्र पुत्र श्री संतोष सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री निर्मल सिंह (एस.ई.)पुत्र श्री भजनसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह कच्छवाहा(चैयरमेन, पीपाड़) पुत्र श्री पुखराज कच्छवाहा, पीपाड़
श्री अमृतलाल टाक पुत्र श्री चेनाराम टाक, बुंचकला, पीपाड़
श्री चांदरतन पुत्र श्री माणकचंद सांखला, बीकानेर
श्री कमलेश पुत्र श्री मुल्तान सिंह कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री सहीराम पुत्र श्री हिन्दुराम गहलोत, पीपाड़ शहर
श्री मनमोहन पुत्र श्री मनोहर सिंह सांखला, जोधपुर
श्रीमती कमला धर्मपत्नी श्री रमेशचंद्र माली, जोधपुर
श्री दशरथ पुत्र श्री विशन सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री राजकुमार पुत्र श्री रतनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री मेवाराम पुत्र स्व. श्री नारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री हरीराम सोलंकी, जोधपुर
डॉ. हिरालाल पुत्र श्री मादुराम पंवार, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री किशनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री धरमाराम भाटी, अध्यक्ष क्षत्रिय माली समाज माधपूर (तमिलनाडु)
श्री राहुल भाटी सुपुत्र श्री जितेन्द्रसिंह भाटी, जोधपुर
श्री किसनाराम देवड़ा, श्री जी एन्टरप्राइजेज, जोधपुर
श्री(इंजि.)तेजप्रताप पुत्र श्री मंगलसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अभय सिंह पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री आनंदसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री नेपाराम देवड़ा, बालरंवा, तिंवरी
श्री अमृत सांखला, फ्यूचर प्लस क्लासेज, जोधपुर

# माली सैनी सन्देश










## ही क्यों ?

**क्योंकि**

**हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पठकों का विशाल संसार**

**क्योंकि**

**हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।**

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे
देश ही नहीं विदेशों में भी

## घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

## सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामिण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियों आपको विगत 14 वर्षो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गो में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जा रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब–साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई–पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है।

हमारी वेबसाईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। आप हमें पे–टी.एम. से मोबाईल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता शुल्क भेज पत्रिका प्राप्त कर सकते है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

सदस्यता राशि

| दो वर्ष रु 400/- | पांच वर्ष रु 900/- | आजीवन रु 3100/- |
|---|---|---|

नाम/संस्था का नाम ____________

पता ____________

फोन/मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ____________ पोस्ट ____________ तहसील ____________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि (रूपये) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ (डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें)

**अतः मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।**

दिनांक ____________

हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे : - प्रसार प्रभारी

3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर (राज।)

**Mobile : 9414475464/9214075464 visit us www,malisainisandesh.com**
**www.malisaini.org EAmail : malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org**

## RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 10,000/- |
| Inside Cover | 5,000/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur
Cell : 94144 75464,
log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

**कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स के पीछे, सरपुरा, जोधपुर**

# महात्मा ज्योति बा फूले की 192वीं जयंति पर आयोजित कार्यक्रमों की झलकियां







# समाज के विभिन्न स्थानों पर हुए सामूहिक विवाह समारोह की झलकियां













# सादर श्रद्धांजलि



जोधपुर माली युवा महासभा के अध्यक्ष

## श्री निर्मल सोलंकी

के आकस्मिक निधन पर "माली सैनी संदेश परिवार"
समस्त माली सैनी समाज की ओर से
हार्दिक श्रद्धाजंलि अर्पित करते हैं।

स्वत्वाधिकारी संपादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक
मनीष गहलोत के लिए भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस
सेक्टर-7, जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर (राजस्थान) से प्रकाशित
फोन : 9414475464
ई-मेल - malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR